आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुकमनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 325 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8+4

www.hukmnamasamachar.com

जोधपुर, सोमवार, 17 अगस्त, 2026

www.Lokvarta.net

राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## प्रगति पथ पर गतिमान राजस्थान



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री



17 अगस्त, 2026 | प्रातः 11:30 बजे | कृषि उपज मण्डी, बारां

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**श्री शिवराज सिंह चौहान**
माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री

## बारां एवं झालावाड़ जिलों के लिए

## ₹1,258 करोड़ के 98 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

### प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण

**राजस्थान को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2.89 लाख आवासों के निर्माण हेतु ₹ 4600 करोड़ आवंटित**

पंचायत समिति मुख्यालयों पर स्वीकृत प्रोटोटाइप आवासों का शिलान्यास

लाभार्थियों को नवीन आवास की चाबी का वितरण

### विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण

कन्वर्जेन्स के तहत लगभग ₹2,400 करोड़ के कार्यों को युक्त धारा पोर्टल पर कार्ययोजना में सम्मिलित करना

• प्रमुख कार्य •

अमृत पोषण वाटिका | अमृत ग्रामीण हाट बाजार | ग्रामीण पुस्तकालय
अमृत संजीवनी पार्क | कांजी हाउस पशु आश्रय स्थल | नमो नर्सरी

### डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरण

मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना
5 लाख पशुपालकों को ₹280 करोड़

गौशाला अनुदान
751 गौशालाओं को ₹250 करोड़

### महिला उत्थान

स्वयं सहायता समूह की दीदियों को ₹10 करोड़ के क्रेडिट लिंकेज चेक का वितरण

राजस्थान महिला निधि की लखपति दीदी ऋण योजना अंतर्गत 957 लखपति दीदियों को ₹8 करोड़ के चेक का वितरण

राजस्थान महिला निधि की समर्थ सखी योजना अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को स्कूटी वितरण

"सशक्त सीएलएफ, समृद्ध दीदी डिजिटल अभियान-2026" का शुभारंभ

ग्राम श्री राजसखी मार्ट 11.77 लाख, बारां का शुभारंभ

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

CMYK

# उपखंड स्तरीय 80 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति की शानदार प्रस्तुतियां, राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश, गौरव सेनानियों ने लिया मार्च- पास्ट में भाग



**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** शनिवार को 80 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह श्री परस राम मदेरणा स्टेडियम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । 15 अगस्त को 60 प्रतिभाएं सम्मानित हुई । जिसमें शैक्षणिक प्रतिभाएं, उत्कृष्ट सेवा देने वाले , पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक कार्य मे सराहनीय कार्य करने वाले कुल 60 प्रतिभा को सम्मानित किया गया। उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता समारोह का आयोजन उपखंड अधिकारी गोपाल जांगिड़ के मुख्य अतिथि में हर वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ श्री परसराम मदेरणा स्टेडियम में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी एवं उपजिला मजिस्ट्रेट गोपाल जांगिड़ ने ध्वजारोहण कर सलामी दी गई। पुलिस टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को मार्च-पास्ट के साथ सलामी दी गई। विद्यार्थी और युवा कलाकारों ने मनमोहक देश भक्ति, अपनी संस्कृति की प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोहित कर दिया । कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा में नव चयनित सालग नगर भोपालगढ़ निवासी सुश्री अनीता देवड़ा एवं वीरांगनाओं का सम्मान किया गया । शहर के समस्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार नृत्य एवं भाषण की प्रस्तुतियां एक से बढ़कर एक ही दी गई। समस्त विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सामूहिक नृत्य ' देश भक्ति एवं राजस्थानी' थीम पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा देश भक्ति ,गीत, देशभक्ति नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शानदार प्रस्तुतियों से पूरे स्टेडियम से तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं कार्यक्रम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास की छात्राओं ने सेल्फ डिफेंस का भी शानदार प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी गोपाल जांगिड़ ने स्वतंत्रता दिवस समारोह पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी के बारे में अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम का मंच संचालन हेम सिंह सोलंकी व महेंद्र सरगरा, प्रेमाराम सोलंकी ने किया। नगर पालिका भोपालगढ़ द्वारा शहर के विभिन्न सर्किल को रंगीन रोशनी से सजाया गया वही पूरे स्टेडियम को शानदार केसरिया सफेद और हरा रंग से सजाया गया। मानो की प्रकृति ने अपना रूप संवारा है। शहर के समस्त विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए नगर पालिका ने स्वादिष्ट लड्डू की मिठाई की व्यवस्था की गई। आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा शानदार घोष वादन की प्रस्तुतियां दी गई।

### गौरव सैनानियों ने दी सलामी

उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में टीम लीडर सूबेदार मेजर सेवानिवृत्ति रामलाल सारण व ध्वज वाहक कैप्टन सेवानिवृत्ति उदाराम चौधरी एवं कर्नल सेवानिवृत्ति धन्नाराम सियाग के निर्देशन में गौरव सेनानी वेलफेयर सोसाइटी के गौरव सैनिकों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे को सलामी देकर देश भक्ति का संदेश दिया। गौरव सेनानियों ने पहली बार मार्च पास्ट में भाग लेकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

### यह रहे उपस्थित

समारोह में उपखंड अधिकारी एवं उपजिला कलक्टर गोपाल जांगिड़, नवचयनित भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनीता देवड़ा ,प्रधान शांति राजेश जाखड़, सेवानिवृत्ति कर्नल धन्नाराम सियाग, डीवाईएसपी गुलाबाराम मेघवाल , तहसीलदार विशनाराम जमेरिया, सीआई राजूराम बामनिया, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी विक्रम सिंह चारण , ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी श्री कृष्ण डूडी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी मुकेश ढाका, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नारायण राम जाखड़, भेरूलाल देवड़ा, पुर्व जिला प्रमुख मुन्नी देवी गोदारा, शिवकरण सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता, ओमप्रकाश चौटिया, बीरमराम रलिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरजभान विश्नोई, पुर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा रामविलास जलवाणियां, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष श्याम सोलंकी , महावीर चौधरी , ओमाराम रलिया, रामस्वरूप सोलंकी, किशोर डूडी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सलीम , वरिष्ठ युवा नेता बंसी लाल सैनी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संतोष , अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश डूडी, सहायक अभियंता डिस्कॉम सुरेंद्र डूडी, सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश जाखड़, उद्घोषक हेमसिंह सोलंकी, महेंद्र सागर, प्रेमाराम सोलंकी, शारीरिक शिक्षक गोरधनराम जाखड़, माणकमल धेडू, गणपत भडियार, किशोर सारण, विनोद, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रेखा लामरोड़, विनीता चोयल,सुर्ज्ञान स्वामी सहित शहर के विभिन्न विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



# जिला कलक्टर ने कलेक्ट्रेट एवं आवास पर किया ध्वजारोहण

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस पर जिला कलक्टर अनुपमा जोरवाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के बीच अधिकारियों-कर्मचारियों ने देशभक्ति की भावना के साथ समारोह में भाग लिया। जिला कलक्टर ने जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों से कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सायला में हर्षोल्लास से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर

**सायला (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के राजकीय खेल मैदान में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। समारोह में उपखंड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को उपखंड स्तर पर सम्मानित किया गया। समारोह के मंच पर तहसीलदार हुकमाराम, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सुशील राजपुरोहित, चिकित्सा अधिकारी मनीष जोशी, पूर्व प्रधान राम प्रकाश चौधरी, बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णानंद, भामाशाह रतन राजपुरोहित पुत्र अजाजी राजपुरोहित सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद एवं भामाशाह मौजूद रहे। इसी क्रम में विवेकानंद विद्या मंदिर, पार्श्व अजीत विद्यापीठ, संत राजेश्वर विद्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए गए। विद्यालय परिसरों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

# फलोदी के नरपत सिंह राठौड़ रिडमलसर FACT के निदेशक नियुक्त



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** फलोदी जिले के निवासी नरपत सिंह राठौड़ रिडमलसर को भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्व्रष्ट्ज्ञ के बोर्ड में नॉन-ऑफिशियल डायरेक्टर/इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। भारत सरकार के उर्वरक विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार उनकी नियुक्ति को सक्षम प्राधिकारी ने मंजूरी प्रदान की है। नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी।

नरपत सिंह राठौड़ भाजपा जोधपुर देहात उत्तर एवं फलोदी जिला संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं तथा सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं। उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से फलोदी जिले का गौरव बढ़ा है। साथ ही, केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपक्रम में राजस्थान से प्रतिनिधित्व के दृष्टिकोण से भी इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्व्रष्ट्ज्ञ उर्वरक एवं रसायन क्षेत्र की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है।

# उत्साह के साथ देचू में मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



### 54 प्रतिभाओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

**देचू (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड मुख्यालय देचू में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, उमंग और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। अटल बिहारी वाजपेयी खेल मैदान में आयोजित उपखंड स्तरीय समारोह में उपखंड अधिकारी दिनेश आचार्य ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी। समारोह में विद्यार्थियों ने राजस्थान गीत, देशभक्ति गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं, बच्चों में बढ़ते मोबाइल के उपयोग के प्रति जागरूकता लाने तथा अभिभावकों को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रस्तुत किए गए जागरूकता नाटक ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। समारोह के दौरान उपखंड क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र के कुल 54 व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।

इस अवसर पर प्रधान सिमरथाराम मेघवाल, विकास अधिकारी रूपसिंह भाटी, तहसीलदार हरिसिंह, सीबीईओ शिवप्रताप विश्नोई, नायब तहसीलदार अर्जुन सिंह, उपप्रधान सरिता विश्नोई, प्रशासक भवानी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिला पुलिस अधीक्षक ने जिला पुलिस कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, जवानों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने एवं राष्ट्र सेवा के लिए सतत तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों एवं जवानों से समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित जवान उपस्थित रहे।

# सोजत में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर डॉ. अशोक गहलोत जिला स्तर पर सम्मानित

**सोजत।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में सोजत सिटी के जिला अस्पताल में कार्यरत वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक गहलोत को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। नेहरा बेरा, बम्बोलिया, सोजत निवासी डॉ. गहलोत पिछले कई वर्षों से जिला अस्पताल सोजत सिटी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मरीजों के प्रति समर्पण और प्रसूति एवं स्त्री रोग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए जिला कलेक्टर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर अस्पताल के समस्त स्टाफ, परिजनों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. गहलोत को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. गहलोत ने सम्मान के लिए जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि वे आगे भी पूरी निष्ठा से मरीजों की सेवा करते रहेंगे।

### राम धाम खेड़ापा के आचर्यावर जी का कल जन्म दिवस मनाया जाएगा

**आसोप (हुक्मनामा समाचार)।** खेड़ापा आचार्य के 85,वे, प्राकट्य दिवस पर राम धाम में होगे आयोजन राम धाम खेड़ापा में पीठाधीश्वर आचार्य पुरुषोत्तम दास जी महाराज के 85, प्राकट्य दिवस पर 17, अगस्त को सेवा एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रम होंगे राष्ट्रीय राजमार्ग 62,पर जोधपुर नागौर मार्ग स्थिति पर राम धाम खेड़ापा में रक्तदान निशुल्क चिकित्सा शिविर और पौधरोपण क्या जाएंगे राम धाम खेड़ापा के उत्तराधिकारी जी संत गोविंद राम जी शास्त्री जी के निर्देशन वे प्रेरणा से श्रावण शुक्ल पंचमी पर श्री दामोदर दास सेवा संस्थान जोधपुर के तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित होगा।

# आज आरक्षण लॉटरी से साफ होगी फलौदी की चुनावी तस्वीर

**▶ कई दावेदारों की उम्मीदों पर लगेगा विराम**

**▶ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से होगी आरक्षण/लॉटरी प्रक्रिया**

**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** फलौदी जिले में आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव को लेकर आज सोमवार को आरक्षण एवं लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से होने वाली इस प्रक्रिया के बाद चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफ हो जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका तलानिया ने बताया कि जिला फलौदी की नगरपरिषद फलौदी एवं नगरपालिका बाप के वार्डों के साथ जिला परिषद के वार्डों तथा जिले की समस्त पंचायत समितियों के प्रधान पद एवं सदस्यों के वार्डों के लिए वर्गवार आरक्षण का निर्धारण लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। लॉटरी प्रक्रिया में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा महिला वर्ग के लिए आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के साथ ही विभिन्न वार्डों में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदारों की राजनीतिक गणित भी बदल सकती है। लॉटरी को लेकर संभावित प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों में खासा उत्साह है। कई दावेदार लंबे समय से अपने पसंदीदा वार्ड में आरक्षण सामान्य या अपनी अनुकूल श्रेणी में आने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# फलौदी में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस, शहीदों को किया नमन



**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। मेजर शैतान सिंह स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। तिरंगा फहराते ही स्टेडियम राष्ट्रभक्ति के जयघोष से गूंज उठा।

समारोह में पुलिस, आरएसी सहित विभिन्न दलों ने अनुशासित मार्चपास्ट किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रियंका तलानिया ने राज्यपाल का संदेश पढ़कर सुनाया। मंत्री खींवसर ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीरांगनाओं का सम्मान करते हुए शहीदों के त्याग और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि सरकार 'अग्रणी राजस्थान' के संकल्प के साथ प्रदेश और फलौदी के विकास को गति दे रही है तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

विद्यालयी विद्यार्थियों ने व्यायाम प्रदर्शन, सामूहिक लोकनृत्य और देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों एवं समाजसेवियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने अपने आवास और जिला कार्यालय पर भी ध्वजारोहण किया। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# सोजत में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

## मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे आकर्षण का केंद्र




**सोजत (हुक्मनामा समाचार)।** मेहंदी नगरी सोजत में 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। मुख्य समारोह स्थानीय पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट और ध्वजारोहण, मार्च पास्ट व सलामी से हुई। इसके बाद स्कूली बच्चों और विभिन्न विद्यालयों द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि सोजत विधायक शोभा चौहान और अध्यक्षता करते हुए उपखंड अधिकारी रवि प्रकाश ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन करते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। दोनों ने कहा कि आजादी को बनाए रखने के लिए हमें कर्तव्यनिष्ठ और जागरूक नागरिक बनना होगा। इस अवसर पर तहसीलदार कुपसिह, विकास अधिकारी सुरेश कविया, विद्यालय प्राचार्य स्वरूप सिंह उदावत, नगर पालिका ईओ राघव मीणा, दलपत सिंह सांखला, श्यामा चारण, जुगल किशोर निकुम, हरेंद्र सिंह, सद्दाम हुसैन शेख, साजिद खान सिपाही, सहित कई अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मचारियों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं और छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पूरे समारोह के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से माहौल गूंजता रहा।

ADVT

आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 325 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8+4

www.hukmnamasamachar.com

जोधपुर, सोमवार, 17 अगस्त, 2026

www.Lokvarta.net

## अमित शाह का निम्बाहेड़ा और अलवर दौरा.....

# सहकारिता से हर गांव हो रहा समृद्ध-अमित शाह

**प्रधानमंत्री किसानों और पशुपालकों के लिए हर साल ला रहे नई योजना**

## डबल इंजन की गति और शक्ति से राजस्थान के हर कोने तक पहुंच रहा विकास-भजनलाल शर्मा

### प्रदेश के 17 जिलों को मिली 6,453 करोड़ के 954 विकास कार्यों की सौगात

**अलवर (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि सहकारिता के माध्यम से देश का हर गांव समृद्ध हो। सहकार से समृद्धि के उनके मंत्र को चरितार्थ करते हुए हम हर गांव को समृद्ध करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को पूर्ण विकसित बनाना है तो युवा, गरीब, अन्नदाता और महिला को सशक्त करना होगा। आज इन वर्गों के उत्थान की अवधारणा 'ज्ञान' अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के कल्याण का संकल्प पूरा हो रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को अलवर के विजयनगर ग्राउंड में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज किसानों को किसान सम्मान निधि, महिलाओं और पशुपालकों के लिए डेयरी की सुविधाएं तथा युवाओं को नौकरी की सौगात दी गई है। साथ ही, 3 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के डेयरी प्लांट का शिलान्यास किया गया है। भविष्य में इसकी क्षमता को 5 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इससे पशुपालक परिवारों की आर्थिक तरक्की सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि को-ऑपरेटिव और डेयरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गरीब पशुपालक के जीवन को बदलने के साथ ही नई पीढ़ी के लिए संभावनाओं के द्वार खोलने की ताकत रखती है। उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां की 33 लाख महिलाओं ने 100 रुपये निवेश किए और वहां आज 33 डेयरी प्लांट चल रहे हैं, जिनका टर्नओवर सवा लाख करोड़ रुपये है।

**हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को किया जा रहा मजबूत** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार डबल इंजन की गति और शक्ति से राजस्थान के हर कोने तक विकास पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज प्रदेश के 17 जिलों को 6 हजार 453 करोड़ रुपये के 954 विकास कार्यों की सौगात मिली है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राजस्थान के हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और विकास की गति को तेज करना है। यह कदम प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प में राजस्थान की सहभागिता को नई ऊंचाई देगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन में दशकों से लंबित यमुना जल समझौते को मुकाम तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके लिए राजस्थान हमेशा उनका ऋणी रहेगा। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा, नई शक्ति, नई दिशा और नया विश्वास मिला है। विशेष रूप से सहकारी डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने, दूध खरीद बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों और मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए श्वेत क्रांति 2.0 एक महत्वपूर्ण पहल है। अलवर में सरस डेयरी के नए प्लांट का शिलान्यास इसी विश्वास को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इस आधुनिक प्लांट के निर्माण से दूध के प्रसंस्करण की क्षमता बढ़ेगी, दुग्ध उत्पादकों को बेहतर बाजार मिलेंगे।

**भूगोर तिराहे का नाम अब कप्तान छुट्टनलाल मीणा चौक** मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न दुग्ध संघों के डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट और कैटल फीड प्लांट का लोकार्पण भी किया गया है।

आज प्रदेश के किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी किश्त के रूप में 667 करोड़ रुपये से अधिक की राशि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 152 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी की गई है। साथ ही, 10 हजार 548 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं।




### किसान, पशुपालक एवं युवाओं को मिली सौगात

इस दौरान केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने किसान सम्मान निधि योजना की छठी किस्त के तहत 66 लाख 74 हजार से अधिक किसानों के खातों में करीब 667 करोड़ रुपए एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 152 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। उन्होंने नए केन्द्रीय सहकारी बैंकों के गठन के साथ प्रदेश के 17 जिलों में 6 हजार 453 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अलवर सरस डेयरी के नवीन प्लांट का शिलान्यास किया। साथ ही विभिन्न दुग्ध संघों के डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट एवं कैटल फीड प्लांट का लोकार्पण किया।

### हर गांव में सहकारी समिति का लक्ष्य

**केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि राजस्थान में वर्तमान में 44 हजार सहकारी समितियां हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर गांव में सहकारी समिति हो। प्रदेश में 500 मीट्रिक टन के 200 गोदाम बनाए जा रहे हैं और 50 नए गोदाम और स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों और पशुपालकों के कल्याण के लिए हर साल एक नई योजना की सौगात दे रहे हैं।**

### 15 जिलों में 5 हजार 659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

**अटलजी का पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को रहा समर्पित**

**नए आपराधिक कानूनों से न्याय व्यवस्था में आ रहा व्यापक सुधार-मुख्यमंत्री**

## जल जीवन मिशन से बदली गांवों की तस्वीर-शाह




**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना को समर्पित रहा। वे बाल्यकाल से ही राष्ट्रभक्ति के रास्ते पर चले। 40 साल तक विपक्ष में रहने और हर प्रतिकूल परिस्थिति के बावजूद राष्ट्रभक्ति का सिद्धांत ही उनके जीवन का आधार रहा। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के विकास को लेकर कई बड़े फैसले किए। पूरे विश्व के दबाव के सामने ना झुकते हुए उन्होंने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण के बाद आयोजित अटल गौरव स्मृति समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 15 जिलों में 5 हजार 659 करोड़ रुपये के 944 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया गया। साथ ही, जल जीवन मिशन के तहत 1 हजार 500 गांवों को हर घर नल से जल की सौगात दी गई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी देश के महान नेता थे। उनके कुशल नेतृत्व में द्वितीय परमाणु परीक्षण और 1999 के कारगिल युद्ध की जीत ने भारत की छवि को दुनियाभर में मजबूत किया। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से भारत को एक स्वाभिमानी और सशक्त राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाजपेयी जी के जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में घोषित किया।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सार्वजनिक जीवन राष्ट्र सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब- किसानों का खनौरी बॉर्डर पर पक्के मोर्चे का ऐलान

**लुधियाना।** पंजाब से दिल्ली जा रहे 55 किसानों को खनौरी-दाता सिंहवाला बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने रोक दिया है। इसके बाद किसानों की जींद डीसी वैशाली शर्मा के साथ दो बार मीटिंग हुई। हालांकि, इसमें कोई हल नहीं निकला। इसके बाद किसानों ने पक्के मोर्चे का ऐलान कर दिया। किसान पंजाब की साइड धरने पर बैठ गए हैं। हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, कंटीली तार, कंक्रीट ब्लॉक और कंटेनर लगाकर रास्ता बंद किया हुआ है। भारी पुलिस बल तैनात है।

### पांच बार के विधायक ने टीएमसी ऑफिस में फांसी लगाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह बीरभूम जिले के टीएमसी ऑफिस में उनका शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

धूमधाम से मना 15 अगस्त, उत्साह दिखा चारों और
आजादी का मतलब समझ गए, अधिकारों पर कर रहे गौर
दमन अत्याचार नहीं सहेंगे, नहीं चिकनी चुपड़ी बात
मनमासिक राज नहीं चला तो, जनता दे देगी सीधी घात

..मुखिया जी

## देश में भारी बारिश से नदियां उफान पर

### चमोली में लैंडस्लाइड, बद्रीनाथ हाईवे बंद





**नई दिल्ली।** यूपी में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। गंगा, यमुना और शारदा समेत 11 नदियां उफान पर हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। इससे यूपी-एमपी को जोड़ने वाला पुल डूब गया है। पानी कॉलोनियों और घरों तक पहुंच गया है। उत्तराखंड के चमोली में शनिवार देर रात से हो रही भारी बारिश के कारण बाजपुर के पास पहाड़ का एक हिस्सा खिसक गया। जिससे बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया। हिमाचल में 30 जून से 15 अगस्त के बीच मानसून से जुड़ी घटनाओं में 183 लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार शाम 5 बजे तक राज्य में 103 सड़कें बंद थीं। ओडिशा के केंद्रपाड़ा में एक सरकारी रेजिडेंशियल स्कूल के कैंपस में बाढ़ का पानी घुसने से लगभग 400 छात्र फंस गए। इनमें 150 लड़कियां भी शामिल हैं। ब्राह्मणी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बच्चों को दूसरे रेजिडेंशियल स्कूल में पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसके लिए मोटर बोट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**जम्मू-कश्मीर के भलेसा भारी बारिश** भारी बारिश से भलेसा-गंदोह में भारी बारिश हो रही है। इससे सामान्य जीवन प्रभावित हो गया है।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का नया क्षेत्र बनने के बाद आईएमडी ने कुछ इलाकों में बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है, जिसके बाद ओडिशा सरकार ने रविवार को पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया। लगातार दूसरे दिन भी भारी बारिश जारी रहने से बाढ़ प्रभावित उत्तरी जिलों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं

### वाराणसी एयरपोर्ट पर गोली चली, 2 कर्मचारी घायल

**वाराणसी/ आजमगढ़।** वाराणसी एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हथियार की जांच के दौरान एक यात्री से गोली चल गई। इससे महिला समेत दो कर्मचारी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए न्यू लक्ष्मी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। घटना सुबह करीब 9:30 बजे हुई। यात्री कमलेश राय पत्नी के साथ एअर इंडिया एक्सप्रेस की IX-1810 फ्लाइट से मुंबई जा रहे थे। उन्होंने विमान में ले जाने वाले हथियार को पहले ही डिक्लेयर किया था। हथियार की जांच के दौरान उससे एक राउंड फायर हो गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की सूचना पर पहुंची पुलिस को कमलेश के पास से पिस्टल समेत 21 कारतूस मिले। करीब 5 घंटे तक पूछताछ के बाद फूलपुर पुलिस उन्हें थाने ले गई।

### निकाय चुनाव से पहले 41 नगर पालिका अधिकारियों का ट्रांसफर

**24 एपीओ अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** निकाय चुनाव से पहले स्वायत्त शासन विभाग ने 41 नगर पालिका अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग के आदेश जारी किए हैं। लंबे समय से एपीओ यानी अवेटिंग पोस्टिंग ऑर्डर चल रहे अधिकारियों को विभाग की ओर से नई जिम्मेदारी दी गई है, जबकि 11 अधिकारियों को एपीओ किया गया है।

**24 एपीओ अधिकारियों को मिली नई पोस्टिंग** ट्रांसफर लिस्ट में 24 ऐसे अधिकारी शामिल हैं, जो लंबे समय से एपीओ चल रहे थे। विभाग ने इन अधिकारियों को अलग-अलग नगरीय निकायों में आयुक्त, अधिशासी अधिकारी और राजस्व अधिकारी सहित विभिन्न पदों पर पदस्थापित किया है।

इन अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद संबंधित नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में प्रशासनिक कामकाज को गति मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से रिक्त चल रहे पदों पर भी अधिकारियों की नियुक्ति हो सकेगी।

स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी तबादला आदेश में नगर पालिका सेवा के अलग-अलग स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इनमें वरिष्ठ आयुक्त, आयुक्त, अधिशासी अधिकारी और राजस्व अधिकारी स्तर के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। विभाग ने प्रशासनिक जरूरत और विभिन्न नगरीय निकायों में उपलब्ध पदों के आधार पर अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी हैं।

### सरकार के खिलाफ खड़े होने वालों की तारीफ हो-राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि सरकार की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने वाले भारत के युवाओं का साहस सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि बदसलूकी, गाली-गलौज और हिंसा का सामना करने वाली छात्राओं की भी तारीफ होनी चाहिए।राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर छात्रों से बातचीत का वीडियो भी शेयर किया। इन छात्रों ने पिछले महीने पेपर लीक के मुद्दे पर तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।राहुल और छात्रों के बीच यह बातचीत 5 अगस्त को हुई थी, लेकिन इसका वीडियो उन्होंने आज शेयर किया है।

### बंगाल में कांग्रेस नेता की हत्या, बेटे को भी मारा

**3 गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में स्वतंत्रता दिवस की रात कांग्रेस नेता अनीसुर रहमान और उनके बेटे की हत्या कर दी गई। घटना बेथुआडहरी रेलगेट के पास हुई। शनिवार रात अनीसुर अपने बेटे के साथ कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोककर अंधाधुंध फायरिंग की। इसके बाद कार का गेट खोलकर दोनों पर धारदार हथियारों से हमला किया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अनीसुर रहमान प्रदेश कांग्रेस समिति के सदस्य और नादिया जिला कांग्रेस के महासचिव थे। जबकि उनका बेटा अबू सुफियान कल्याणी से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें हरनगर से टीएमसी की पंचायत हेड फातिमा बीवी और साहेब अली मंडल और मिथुन शेख शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि हत्या में टीएमसी के नेता जुबेर शेख का हाथ है।

### पीएम मोदी ने लालकिले से विकसित भारत 2047 का रोडमैप पेश किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण, शिक्षा, खेल, नागरिक सुरक्षा, सेमीकंडक्टर निर्माण, परमाणु ऊर्जा और महिला नेतृत्व वाले विकास को शामिल करने वाली कई योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए अपना रोडमैप भी प्रस्तुत किया। मोदी ने 2047 तक भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाकर 100 गीगावाट करने का लक्ष्य भी रखा। उन्होंने अधिक सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाने की योजनाओं की घोषणा की और कहा कि सरकार छह करोड़ ''लखपति दीदियां'' बनाने का लक्ष्य रखेगी, जो उसके पहले के लक्ष्य से दोगुना है। इन घोषणाओं को सुधारों में तेजी लाने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के व्यापक प्रयास के हिस्से के रूप में पेश किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को अगले पांच से सात वर्षों में वह हासिल करना होगा, जिसे वह पिछले पांच से सात दशकों में हासिल नहीं कर सका।मोदी ने घोषणा की कि अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'आज का दौर एआई, क्वांटम तकनीक, अंतरिक्ष, रोबोटिक्स और डेटा सेंटर का है।'

### लाल किले पर 80वें स्वतंत्रता दिवस पर गूंजा वंदे मातरम्

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को देशभक्ति की भावना और बहुस्तरीय सुरक्षा के बीच यहां लालकिला परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व किया। लालकिले पर समारोह के दौरान पहली बार राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' गाया गया। इस अवसर पर सेना के एक बैंड ने 'वंदे मातरम्' की धुन बजाई। इसके बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और फिर राष्ट्रगान गाया गया। राष्ट्रगान की प्रस्तुति 1721 फील्ड बैटरी के गनर द्वारा स्वदेशी 105 मिमी लाइट फील्ड गन का उपयोग करते हुए 21 तोपों की सलामी के साथ तालमेल बिठाकर की गई।

CMYK

## सम्पादकीय...

### लाल किले से विकसित भारत का संकल्प



देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए विकसित भारत के निर्माण का अपना संकल्प एक बार फिर सामने रखा। प्रधानमंत्री का जोर केवल उपलब्धियों के उल्लेख तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने आने वाले वर्षों के लिए भारत की दिशा और प्राथमिकताओं का खाका भी प्रस्तुत किया। उनके भाषण में आत्मनिर्भरता, युवा शक्ति, महिला सशक्तीकरण, तकनीकी क्षमता, विनिर्माण, रक्षा उत्पादन, कृषि, आपदा से निपटने की क्षमता और भारत की सांस्कृतिक शक्ति जैसे विषय प्रमुख रहे। इस बार उनके संबोधन में सामाजिक और वैचारिक चुनौतियों को लेकर भी तीखी चिंता दिखाई दी। उन्होंने संसद में पारित महिला आरक्षण कानून का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिलना समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को अपने संबोधन के केंद्र में रखा। उन्होंने कहा कि आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक भारत को विकसित देश बनाना है और देश इस लक्ष्य को हासिल करके रहेगा। उनके अनुसार केवल लक्ष्य तय करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि काम करने की गति और कार्य संस्कृति में भी बदलाव आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन कार्यों को पूरा करने में पिछले पांच से सात दशक लग गए, उन्हें आने वाले पांच से सात वर्षों में पूरा करने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई वस्तुएं सस्ती, आसानी से और तेजी से उपलब्ध हो सकती हैं, लेकिन केवल आयात पर निर्भर रहने से देश की अपनी क्षमता विकसित नहीं होती। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कई देश अपने संसाधनों और आपूर्ति व्यवस्था का इस्तेमाल दूसरे देशों पर दबाव बनाने के लिए कर रहे हैं। पेट्रोलियम, खाद और दवाइयों जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी वैश्विक राजनीति से प्रभावित हो सकती है। ऐसे समय में भारत के लिए आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित और सुरक्षा का विषय भी है। उन्होंने कहा कि अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। उनका संदेश था कि संकटों से घबराने के बजाय देश को अपनी क्षमता बढ़ाकर उनका सामना करना चाहिए। यही आत्मविश्वास विकसित भारत की यात्रा का आधार बनेगा। लाल किले से प्रधानमंत्री का संबोधन मूल रूप से आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और तेज विकास की त्रयी पर केंद्रित दिखाई दिया। उन्होंने देश को बड़े सपने देखने और बड़े संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से 2047 के विकसित भारत की तस्वीर सामने रखते हुए यही संदेश दिया कि आने वाले वर्ष निर्णायक होंगे। अब चुनौती यह है कि आत्मनिर्भरता, तकनीकी विकास, महिला भागीदारी, युवा शक्ति और सामाजिक समरसता से जुड़े इन संकल्पों को धरातल पर कितनी प्रभावी गति मिलती है। **वैभव लोढ़ा...**

## क्रॉस फायर

- ❑ईरान से समझौते को लेकर खड़ी देश राष्ट्रपति ट्रंप से नाराज।
- ◆दुनिया में इनसे खुश कौन है।
- ❑इसराइली प्रधानमंत्री नेता नेतयाह चुनावी सर्वे में पिछड़े।
- ◆चुनाव जीतने के लिए भारत से नेताओं को बुला लो।
- ❑अमित शाह बोले सोनिया जी आपके पाप को जनता माफ नहीं करेगी।
- ◆अपने पाप की भी सोचो।
- ❑तेलंगाना के मुख्यमंत्री का आरोप सरकार गिराने के लिए बीआरएस ने तंत्र-मंत्र कराया।
- ◆इस बार तो खुद के पैसे खर्च किए।
- ❑पूर्व मंत्री चिदंबरम बोले दिमागी नक्सली होने पर उन्हें गर्व।
- ◆जनता तो हालात से नक्सली बन रही है।
- ❑राजस्थान में तैयार होगा पहले पैसेंजर ड्रोन।
- ◆राजस्थान की बल्ले बल्ले।
- ❑प्रदेश भर में पार्षदों की सोमवार को खुलेगी लॉटरी।
- ◆फिर तो लोग सपने लेने लग जाएंगे।
- ❑ सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल बोले मोदी नफरत फैला कर विश्व गुरु बनना चाहते हैं।
- ◆सबका अपना-अपना तरीका।

.............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

### सोमवार 17 अगस्त, 2026

**मेष राशि:** व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारम्भ होगा। बड़े राजनीतिज्ञ लोगों से भेंट होगी। कलात्मक कार्य में रुचि बढ़ेगी। अधिक लोभ, लालच न करें अन्यथा बने काम हाथ से निकल सकते हैं।

**वृषभ राशि:** अपने आप पर विश्वास रखें और नकारात्मक सोच न रखे। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य ही मिलेगी। जीवनसाथी की उन्नति सामाजिक सम्मान को बढ़ाएगी।

**मिथुन राशि:** अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे। आज व्यापारिक मामलों में जवाबदेही बढ़ने वाली है। संतान पर विशेष ध्यान दें। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क राशि:** बातें कम और काम ज्यादा करें। कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में अनुरूप स्थिति बनेगी। वाहन क्रय करने के योग बन रहे हैं। व्यापार विस्तार में आर्थिक सहयोग लेना पड़ेगा।

**सिंह राशि:** अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। संभल जाएं। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें। संतान की चिंता, व्याकुलता बढ़ेगी। आज भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कन्या राशि:** आपके विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी। परिश्रम की तुलना में सफलता कम मिलने से हताश होंगे। किसी के सहयोग से समस्या का समाधान होगा।

**तुला राशि:** आप की मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार में मांगलिक कार्यों की रुपरेखा बनेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्य विस्तार के लिए उचित मार्गदर्शन लेना होगा।

**वृश्चिक राशि:** आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी। संत समागम होगा। दिखावे एवं आडंबरों से बचे।

**धनु राशि:** नौकरी में पदोन्नति एवम् तबादले के योग हैं। परिवार में सहयोग का वातावरण बना रहेगा। लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करें परीक्षा में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि:** अपने परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी रखें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कुम्भ राशि:** अपने राजनितिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण न होने से मन खिन्न रहेगा। पदोन्नति होने की संभावना है। सामाजिक कार्यों में खर्च होगा।

**मीन राशि:** अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें। कार्यस्थल पर व्यवहारकुशलता से अधिकारियों के संबंध मजबूत होंगे। अनायास धन प्राप्ति की संभावना बन रही है। पारिवारिक वातावरण अनुकूल रहेगा।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# नाग पंचमी : प्रकृति के प्रति सम्मान और सह-अस्तित्व का पर्व



सुनील कुमार महला

भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है-नाग पंचमी। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में नाग पंचमी का पावन पर्व 17 अगस्त (सोमवार) को मनाया जाएगा। जानकारों के अनुसार सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 16 अगस्त को दोपहर 4:52 बजे से शुरू होकर 17 अगस्त को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी, और उदया तिथि के कारण यह त्योहार 17 अगस्त को ही मनाया जाएगा। इस दिन नाग की पूजा की जाती है। दरअसल,नागों(सर्पों ) को प्रकृति, शक्ति, सुरक्षा, उर्वरता और पर्यावरणीय संतुलन के प्रतीक माना गया है। इस पर्व का धार्मिक महत्व है। भगवान शिव ने अपने गले में नाग धारण कर रखा है, उनके गले में नाग का विराजमान होना उनके प्रकृति और समस्त जीव-जगत के साथ सामंजस्य का प्रतीक माना जाता है।

भगवान विष्णु की शेषनाग पर शयन मुद्रा भी नागों के धार्मिक महत्व को दर्शाती है। इस दिन नाग देवता की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और कल्याण की कामना की जाती है। जीव-जंतुओं का भारतीय संस्कृति में हमेशा हमेशा से महत्वपूर्ण व अहम् स्थान रहा है और जीव-दया, जीवों के प्रति करूणा, सह-अस्तित्व की भावना हमारे देश की संस्कृति रही है। नाग या सर्प खेतों में चूहों जैसे कृंतकों की संख्या नियंत्रित करके फसलों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए सर्पों को किसान का मित्र कहा जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सर्प विभिन्न जीवों की आबादी को नियंत्रित करके खाद्य-श्रृंखला( फूड चेन) को संतुलित रखते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र और जैव-विविधता को बनाए रखने में सर्पों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि,यह बात अलग है कि सर्प स्वयं भी बाज, उल्लू, नेवला, मोर और अन्य जीवों के भोजन का हिस्सा हैं। इसलिए उनका अस्तित्व खाद्य-जाल की अनेक कड़ियों को प्रभावित करता है। प्रकृति का अपना एक सिस्टम है और इस सिस्टम में हर छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जीव की अपनी भूमिका व महत्व है और सर्प भी उनमें से एक है, लेकिन आज सर्पों को मार दिया जाता है और प्रकृति चक्र को डिस्टर्ब कर दिया जाता है,यह ठीक नहीं है। सरल शब्दों में कहें तो सर्पों से भय के कारण उन्हें मार देना पर्यावरणीय दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता है। यदि हम सर्पों को मारेंगे तो धरती पर चूहों और कृंतकों की संख्या बढ़ सकती है, फसलों पर दबाव बढ़ सकता है, जैसा कि चूहे और अन्य कृतंक बीज, अनाज और पौधों को अधिक नुकसान पहुँचा सकते हैं। सर्प नहीं होंगे तो इससे हमारी खाद्य श्रृंखला प्रभावित हो जाएगी, क्यों कि सर्प मोर, नेवला और अन्य शिकारी पक्षियों का भोजन हैं,जो पर्यावरण और प्रकृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सर्प नहीं होंगे तो हमें चूहों व अन्य कृतंकों से फसलों को बचाने के लिए रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स , दवाओं का इस्तेमाल करना पड़ेगा, जिससे रासायनिक उपायों पर निर्भरता बढ़ सकती है, इसलिए इनको बचाना,इनका संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में हर वर्ष अनुमानतः 58 हजार लोगों की मृत्यु सर्पदंश से होती है, जिससे भारत विश्व में सर्पदंश मृत्यु के सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है; हालांकि उपचार एवं मृत्यु के मामलों की कम रिपोर्टिंग के कारण वास्तविक आंकड़ा अलग हो सकता है, लेकिन बावजूद इसके हमें यह याद रखना चाहिए कि सर्प प्रकृति के महत्वपूर्ण प्रहरी हैं। जैसा कि ऊपर इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि वे चूहों और अन्य कृंतकों की संख्या नियंत्रित कर खेतों तथा खाद्यान्न की रक्षा करने में सहायता करते हैं और खाद्य-श्रृंखला को संतुलित बनाए रखते हैं। सर्प स्वयं भी अनेक पक्षियों और वन्यजीवों के भोजन का हिस्सा हैं, इसलिए उनका संरक्षण जैव-विविधता और पारिस्थितिक संतुलन के लिए आवश्यक है। सर्पों के प्रति भय नहीं, बल्कि सावधानी और सह-अस्तित्व की भावना विकसित करना प्रकृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नाग पंचमी का पर्व हमें नाग जैसे महत्वपूर्ण जीव का संरक्षण कख संदेश देता है। संक्षेप में कहें तो आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण और करुणा को जोड़ना ही नाग पंचमी का वास्तविक व असली संदेश है।

# नशे में गाड़ी चलाई तो जेल, हवाई जहाज़ उड़ाया तो सिर्फ़ निलंबन



के. विश्वदेव राव

भारतीय सड़कों पर शराब या नशे की हालत में गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर को तुरंत गिरफ्तारी, आपराधिक चार्जशीट और जेल की हवा खानी पड़ती है। लेकिन, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों पर गौर करें तो भारत में आज तक एक भी व्यावसायिक पायलट को नशे में फ्लाइट उड़ाने के प्रयास के लिए आपराधिक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया है। इससे तो यही निष्कर्ष निकालता हैं, आसमान में नशा करना कानूनी अपराध नहीं अपितु एक प्रशासनिक गलती है। शायद यही कारण है कि आज तक किसी पायलट को आपने कटघरे में नहीं देखा है।

भारतीय विमानन कानून के एक मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने हवाई सुरक्षा के मानकों पर बेहद सख्त रुख अपनाया था। जुलाई 2024 में, ब्रेथ-एनालाइज़र टेस्ट में फेल होने पर एक पायलट के लाइसेंस निलंबन को बरकरार रखते हुए, हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि सुरक्षित उड़ान के लिए शरीर में अल्कोहल का स्तर 'शून्य' होना चाहिए, जो अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के सुरक्षा सिद्धांतों के भी अनुकूल है। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की थी: 'यात्रियों की सुरक्षा से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता, और लापरवाह पायलट के प्रति कोई भी ढिलाई उनकी जान को खतरे में डालने जैसी होगी। कागजों पर अदालत का यह निर्देश बिल्कुल साफ है: कॉकपिट में शराब या किसी भी नशीले पदार्थ की एक बूंद भी सुरक्षा से खिलवाड़ और अक्षम्य अपराध है। फिर भी, अदालती आदेशों और जमीनी हकीकत के बीच एक बड़ी खाई साफ नजर आती है। प्रशासनिक ढिलाई की यह तस्वीर एक और संवेदनशील क्षेत्र, भारतीय रेलवे में भी देखने को मिलती है।

दिसंबर 2023 में रेल मंत्रालय ने राज्यसभा में जानकारी दी थी कि पिछले 5 वर्षों में कराए गए करीब 8.28 करोड़ ब्रेथ-एनालाइज़र टेस्टों में से 1,761 लोको पायलट ड्यूटी जॉइन करते या खत्म करते वक्त टेस्ट में फेल पाए गए। इसके बावजूद, सिर्फ टेस्ट में फेल होने के आधार पर किसी को आपराधिक सजा मिलने के मामले न के बराबर हैं। जब कोई ट्रेन ड्राइवर अनिवार्य ब्रेथ-एनालाइज़र टेस्ट में फेल होता है, तो भारतीय रेल, रेलवे कर्मचारी (अनुशासन और अपील) नियम, 1968 के तहत सिर्फ आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई करती है। हर मामले में आपराधिक मुकदमा चलाने के बजाय ड्राइवर को ड्यूटी से हटा दिया जाता है, सस्पेंड किया जाता है, विभागीय जांच बैठाई जाती है और अक्सर नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। रेलवे अधिनियम, 1989 के तहत आपराधिक धाराएं, विशेषकर ड्यूटी पर नशे के लिए धारा 172 और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में डालने के लिए धारा 175, तभी लगाई जाती हैं जब नशे या लापरवाही के चलते कोई बड़ा हादसा हो जाए; जैसे ट्रेनों की टक्कर, पटरी से उतरना, या सिग्नल ओवरशूट जैसी घटना। ऐसे मामलों में स्थानीय पुलिस या रेलवे अधिकारी भारतीय न्याय संहिता (ब्ह्स) की धाराओं के साथ आपराधिक अदालत में चार्जशीट पेश करते हैं। विमानन क्षेत्र की जवाबदेही प्रणाली में ढांचागत खामियां रेलवे एक कदम आगे हैं। इस नियामक खामी की गंभीरता को समझने के लिए विमानन क्षेत्र में होने वाले खतरों के भयावह पैमाने को देखना होगा।

निजी गाड़ी चलाने वाला एक शराबी ड्राइवर कुछ यात्रियों या राहगीरों की जान जोखिम में डालता है। इसके उलट, ए320 (320) या बोइंग 777 (क्र77) जैसे विमान की कमान संभालने वाला पायलट 180 से लेकर 350 से अधिक यात्रियों की जिंदगी सीधे अपने हाथ में रखता है। 30,000 फीट की ऊंचाई पर शरीर का सुस्त पड़ना, भ्रम की स्थिति बनना या सोचने-समझने में थोड़ी भी देरी किसी सुधार का मौका नहीं देती। नशे की हालत में हुई एक चूक सिर्फ हादसा नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जनसंहार का कारण बनती है। हाल ही में गुजरात में हुए एयर इंडिया हादसे में हम यह तबाही देख चुके हैं। रक्षा के इतने बड़े जोखिम के बावजूद भारतीय कानून व्यवस्था नशेड़ी वाहन चालक पर तो कहर ढाती है, लेकिन मदांध पायलट पर मेहरबान रहती है।

जब कोई ड्राइवर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत नशे में पकड़ा जाता है या BNS, 2023 के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाता है, तो कानून की पूरी ताकत उस पर आजमाई जाती है। पुलिस तुरंत एफआईआर दर्ज करती है, गाड़ी जब्त करती है और उसे महीनों से लेकर (गंभीर मामलों में) आजीवन कारावास तक की सजा दिलाने के लिए केस लड़ती है। दूसरी ओर, जब कोई कमर्शियल पायलट उड़ान से पहले ब्रेथ-एनालाइज़र टेस्ट में फेल होता है या नशीले पदार्थों के सेवन का दोषी पाया जाता है, तो मामले को महज एक 'प्रशासनिक विषय' मानकर निपटा दिया जाता है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (छ्त्रष्ट) अपने नियमों के तहत चरणबद्ध निलंबन लागू करता है: पहली बार पकड़े जाने पर 3 महीने के लिए उड़ान पर रोक (ग्राउंडिंग), दूसरी बार में 3 साल का बैन और तीसरी बार में लाइसेंस रद्द। गौर करने वाली बात यह है कि आरोपी पायलट प्रशासनिक स्तर पर ग्राउंड रहता है, काउंसलिंग या सस्पेंशन की अवधि पूरी करता है और सजा खत्म होते ही दोबारा कॉकपिट में वापस लौट आता है।

पिछले एक दशक में दर्जनों पायलटों के टेस्ट में फेल होने के बावजूद सार्वजनिक रिकॉर्ड बताते हैं कि नशे में प्लेन उड़ाने की कोशिश के लिए किसी भी पायलट को आपराधिक सजा नहीं हुई है। इस व्यवस्था में खामियां और भी हैं, भारतीय न्याय संहिता, 2023 में नशे की हालत में कमर्शियल प्लेन उड़ाने या उड़ाने की कोशिश करने को अपराध घोषित करने वाली कोई अलग से सख्त धारा नहीं बनी है। दूसरी समस्या है, एयरलाइंस कंपनी अपनी साख बचाने और कानूनी मुकदमों से बचने के लिए ऐसे मामलों को कंपनी का आंतरिक मामला मानकर दबा देती हैं। बाहरी न्यायिक हस्तक्षेप न होने के कारण एयरलाइंस आरोपी क्रू मेंबर्स की शिकायत पुलिस में दर्ज कराने से बचती हैं। मौजूदा व्यवस्था में ज़मीन पर पकड़े गए पायलट के कृत्य को 'सैकड़ों लोगों की जान खतरे में डालने की आपराधिक कोशिश' मानने के बजाय सिर्फ एक 'सफल नियामक बचाव' मान लिया जाता है। चूंकि हादसे को उड़ने से पहले टाल दिया गया, इसलिए आपराधिक न्याय प्रणाली पूरे मामले से पल्ला झाड़ लेती है और सब कुछ डीश्जीश्सीश्एश के विवेक पर छोड़ दिया जाता है। जब तक हमारा आपराधिक कानून कॉकपिट में बैठे शराबी पायलट से भी वही सख्ती नहीं बरतेगा जो सड़क पर शराबी ड्राइवर या रेल पटरी पर लोको पायलट से बरती जाती है, तब तक 'जीरो टॉलरेंस' का सिद्धांत सिर्फ कागजी बातें और प्रशासनिक निलंबन बनकर रह जाएगा, कोई ठोस कानूनी खौफ पैदा नहीं होगा।

# रील से दोस्ती और जी का जंजाल



बाल मुकुन्द ओझा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिनरात मोबाइल की स्क्रीन से चिपके रहकर रील बनाने वाले युवाओं को राष्ट्रनायकों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा जमाना बेशक रील्स का है शॉर्टकट का है, रील्स देखना और बनाना कोई बुरी बात यहीं है मगर वक्त का ध्यान रखना जरुरी है। मोदी ने कहा सिर्फ युवा ही नहीं, हर उम्र के लोग आजकल दिन भर मोबाइल की स्क्रीन से चिपके रहते हैं। रील्स देखने में घंटों बिता देते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल का एडिक्शन हो गया है, इसकी वजह से बच्चों का मानसिक विकास रुक रहा है, तमाम तरह की बीमारियां फैल रही हैं। लोगों में पढ़ने की आदत खत्म हो रही है। आज घर घर में बच्चे और युवा धड़ल्ले से मोबाइल पर स्क्रीनिंग कर रहे है। उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है की यह उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई के लिए कितना खतरनाक है। मीडिया में छोटे और किशोर आयु के बच्चों को मोबाइल लत के खतरे से लगातार आगाह किया जा रहा है। अनेक बच्चे इसके दुष्परिणामों के शिकार होकर अस्पतालों में अवसाद का इलाज़ करा रहे है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म सेंसर टावर की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अपने देश में गत वर्ष मोबाइल पर 1.12 ट्रिलियन घंटे स्क्रीनिंग की गई जो दुनियाभर में सर्वाधिक आंकी गई है। इससे पता चलता है 18 वर्ष की आयु सीमा के 40 करोड़ बच्चे में से हर तीसरा बच्चा मोबाइल अवसाद का शिकार है, जिनकी संख्या 13 करोड़ से अधिक बताई जा रही है। इसी भांति एक अन्य नई रिसर्च के मुताबिक मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप जैसे गैजेट्स न केवल बच्चों के स्वास्थ्य अपितु उनके शैक्षिक जीवन के लिए भी खतरा बन रहे है। टेक्नोलॉजी के इस दौर में बच्चे मोबाइल फोन, टैबलेट से ही अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। खासकर कोविड में ऑनलाइन पढ़ाई के बाद उनके बीच स्क्रीन टाइम बहुत बढ़ा है। पांच हजार से ज्यादा कनाडाई बच्चों पर साल 2008 से 2023 तक चली एक रिसर्च बताती हैं कि बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में बेसिक मैथ्स और पढ़ने की समझ ठीक से विकसित नहीं हो पा रही है। यहां तक कि स्क्रीन टाइम की वजह से बच्चों के मार्क्स में 10 फीसदी तक कमी आई है। एक अन्य रिपोर्ट में यह सामने आया है कि 73 प्रतिशत स्कूली बच्चे अश्लील सामग्री देखते हैं। वहीं, 80 प्रतिशत बच्चे रोज़ाना सोशल मीडिया पर कम से कम 2 घंटे बिताते हैं। इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई, सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर पड़ रहा है। मोबाइल आपका दोस्त है या दुश्मन। बिना विलंब किए इस पर गहनता से मंथन की जरुरत है। आजकल मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों को इंटरनेट एडिक्शन की तरफ ले जा रहा है। एक स्टडी रिपोर्ट में एक बार फिर मोबाइल के खतरे से सावचेत किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है पैरेंट्स बिना सोचे-समझे सिर्फ दो-ढाई साल के बच्चों के हाथ में मोबाइल थमा देते हैं। इसके बाद बिना मोबाइल यूज किए बच्चा खाना तक नहीं खाता है। हालांकि इंफॉर्मेशन, टेक्नॉलोजी और एआई के दौर में मोबाइल का इस्तेमाल जरूरी है। लेकिन छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल देने की क्या जरूरत है अगर आप भी मोबाइल एडिक्शन को सीरियसली नहीं ले रहे हैं, तो आपको बता दें कि सेलफोन आपके बच्चों का सबसे बड़ा दुश्मन बन रहा है। कच्ची उम्र में बच्चों को डिजिटल डिमेंशिया जैसी घातक बीमारी हो सकती है। टाइम ज्यादा होने का सबसे पहला असर बच्चों की आंखों की रोशनी पर पड़ रहा है। स्क्रीन को नजदीक और एकटक देखने से आंखें ड्राई होने लगती हैं यही हालात रहने पर आंखों की रोशनी कम होने लगती है। मोबाइल बच्चों का दोस्त है या दुश्मन। बिना विलंब किए अभिभावकों को इस पर गहनता से मंथन की जरुरत है। जब से इंटरनेट हमारे जीवन में आया है तबसे बच्चे से बुजुर्ग तक आभासी दुनियां में खो गए है। हम यहाँ बचपन की बात करना चाहते है। देखा जाता है पांच साल का बच्चा भी आँख खोलते ही मोबाइल पर लपकता है। पहले बड़े इसे अपने काम के लिए करते थे। अब बच्चे भी इंटरनेट के शौकीन होते जा रहे हैं। बाजार ने उनके लिए भी इंटरनेट पर इतना कुछ दे दिया है कि वह पढ़ने के अलावा बहुत कुछ इंटरनेट पर करते रहे हैं। पेरेंट्स को बच्चों की ऐसी गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और समय रहते उनकी ऐसी आदत को पॉजेटिव तरीके से दूर करना चाहिए।

# 'दिमागी नक्सली', नई बहस और हंगामे का आगाज



ऋतुपर्ण दवे

लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 80वें स्वाधीनता दिवस पर उद्बोधन के दौरान विरोधियों पर कसा गया तंज अब नई और राष्ट्रीय बहस का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री की दिमागी नक्सलवाद कह कर की गई टिप्पणी ने नया सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री ने किसे या किन्हें 'दिमागी नक्सली' कहा, क्या विपक्ष और आंदोलनकारी छात्रों को या सरकार पर उंगली उठाने वाले हरेक को या फिर संसद न चलने देने वाले विपक्ष को निश्चित रूप से इस टिप्पणी पर अभी आगे काफी कुछ सियासत होनी तय है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हथियार उठाने वाले नक्सलियों से तो निपट लिया गया, लेकिन अब देश को 'दिमागी नक्सलियों' से सतर्क रहने और उन्हें अलग-थलग करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद और माओवादी हिंसा ने दशकों तक देश के बड़े हिस्से को प्रभावित किया जिसमें हजारों लोगों की जान गई। उनका इशारा था कि अब इस चुनौती के एक दूसरे स्वरूप यानी दिमागी नक्सलवाद से निपटना जरूरी हो गया है। प्रधानमंत्री ने अपनी टिप्पणी में दिमागी नक्सली की कोई स्पष्ट या औपचारिक परिभाषा तो दी नहीं और न ही कोई कानूनी परिभाषा बताई। भले ही उनकी टिप्पणी इशारों में रही, लेकिन राजनीतिक और वैचारिक संदर्भ में इसके मायने बहुत गहरे हैं। जंतर-मंतर पर हाल ही में जिस तरह कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले छात्र आंदोलन हुआ जो देखते-देखते देश का एक बड़ा और अप्रत्याशित आन्दोलन बन खड़ा हुआ। अब उसके फैलते जाने का अंदेशा भी दिखाई दे रहा है। कहीं उसी पर तो यह टिप्पणी नहीं की या फिर हाल ही में संसद में लगातार गतिरोध बने रहने और नेता विपक्ष राहुल गांधी के तमाम मंचों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती देने की खीझ पर तो निशाना नहीं लगया सच यह है कि हाल के दिनों में जेन-जी के जंतर-मंतर पर आन्दोलन के बाद 12 वर्षों में पहली बार मोदी सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेना पड़ा। उससे भी गंभीर और बड़ी बात यह कि इस मुद्दे को विपक्ष खासकर राहुल गाँधी ने लपक लिया और संसद से सड़क तक प्रभावशाली तरीके से उठाया। निश्चित रूप से जेन-जी आन्दोलन के चलते महज युवा ही नहीं बल्कि उनके अभिभावक भी नाराज दिखे। इससे पहली बार लगा कि मोदी सरकार परेशान है। देखते ही देखते छात्रों की पिटाई, बिना वर्दी के पुलिस वालों की मौजूदगी, पैलेट गन और कील लगी लाठियों के उपयोग को राहुल ने राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया। कहीं दिमागी नक्सली कहकर उनका इशारा इसी पर तो नहीं था क्या प्रधानमंत्री ने दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल करके देश को सुरक्षा, वैचारिक स्थिरता और सामाजिक एकता से जुड़ाव रखने का साफ और कड़ा संदेश तो देने की कोशिश तो नहीं की अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को हिंसा और अराजकता से दूर रहना होगा और विकास तथा रचनात्मक कार्यो में सहयोग देना होगा। जाहिर है प्रधानमंत्री दिमागी नक्सलवाद के जरिए विरोधियों को लताड़ तो लगा रहे थे। साथ ही रूठे या उनसे नाराज जेन-जी को भी संदेश दे रहे थे कि वो रचनात्मक कार्यों में सहयोग करें। जंगली नक्सली खत्म हो गए हैं लेकिन जो दिमागी नक्सली सिर उठा रहे हैं, उन्हें पहचानने की बात किसके लिए कह गए उन्होंने आगे जो कहा वह और भी खास है जिसमें जंगल नक्सलियों की जगह अब शहरों, शिक्षण संस्थानों और बौद्धिक मंचों पर सक्रिय 'दिमागी नक्सल' के लेने की बात कह, सरकार का विरोध करने वालों को तिलमिला दिया। उन्होंने इनसे सावधान रहने का आगाह भी किया। हथियारबंद नक्सल तो गए, लेकिन दिमागी नक्सल मौके की तलाश में हैं जिन्हें पहचानना होगा। उन्होंने साफ किया कि यह वर्ग सीधे हथियार नहीं उठाता, बल्कि अपनी विचारधारा से देश में भ्रम और अराजकता फैलाने की फिराक में रहता है। पहले भी अर्बन नक्सली कहे जाने पर हंगामा हुआ था जिस पर संसद में बताया गया कि संसद में 'अर्बन नक्सल' शब्द की कोई औपचारिक कानूनी परिभाषा नहीं है। सरकार ने संसद में स्पष्ट किया है कि कानून के तहत इस शब्दावली को परिभाषित नहीं किया गया। हाँ, राजनीतिक बयानों और बहसों में इसका उपयोग अक्सर राष्ट्रीय सुरक्षा और वैचारिक विरोध के संदर्भ में किया जाता है। आगे क्या दिमागी नक्सल पर भी यही होगा। काँग्रेस ने दिमागी नक्सलवाद पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को उनकी घबराहट बताया तो प्रधानमंत्री मोदी के 'दिमागी नक्सल' बयान पर कॉकरोच जनता पार्टी की प्रतिक्रिया ने इस मुद्दे को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से लें राष्ट्र निर्माण का संकल्प : पटेल

### उम्मेद राजकीय स्टेडियम में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह, संसदीय कार्य मंत्री ने किया ध्वजारोहण



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में 80वां स्वाधीनता दिवस शनिवार को गरिमा, उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में समारोहपूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने ध्वजारोहण किया तथा परेड निरीक्षण के उपरांत मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्य अतिथि जोगाराम पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले असंख्य ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने का दिवस है। पटेल ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे हाथों में नहीं, बल्कि हमारे हृदय में भी होना चाहिए। राष्ट्रभक्ति केवल नारों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक द्वारा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करना भी सच्ची राष्ट्रसेवा है। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जोगाराम पटेल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाओं तथा उपलब्धियों के लिए 77 प्रतिभाओं, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं समाजसेवियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जवाहर चौधरी द्वारा राज्यपाल के संदेश का पठन किया गया। समारोह में परेड कमांडर (आरपीएस) नीतेश कंवर के नेतृत्व में प्रथम बटालियन आरएसी, राजस्थान पुलिस पुरुष एवं महिला, महिला पुलिस कमिश्नरेट (कालिका), राजस्थान होम गार्ड्स पुरुष एवं महिला, एनसीसी तथा स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियों ने अनुशासित एवं भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मार्च पास्ट प्रतियोगिता में आरएसी प्रथम, मंडोर रोड, जोधपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कालिका ने द्वितीय तथा एनसीसी पुरुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सामूहिक व्यायाम एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक व्यायाम का मनोहारी प्रदर्शन किया गया। वहीं महाराणा प्रताप की 450वीं जयंती एवं वंदे मातरम् की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में उपस्थित दर्शकों में राष्ट्रप्रेम एवं उत्साह का संचार किया। समारोह में राजस्थान पुलिस बैंड एवं राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की बैंड टुकडियों ने देशभक्ति की मधुर स्वरलहरियों से दर्शकों का मन मोहा। बैंड प्रतियोगिता में राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल ने प्रथम तथा राजस्थान पुलिस बैंड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजेंद्र गहलोत, राजस्थान जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, विधायक अतुल भंसाली व देवेन्द्र जोशी संभागीय आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी, पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह, जिला कलक्टर आलोक रंजन, पुलिस आयुक्त अंशुमन भोमिया सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

## जोधपुर जिले के वार्डों की लॉटरी आज

### सबसे पहले जोधपुर नगर निगम के वार्डों की निकलेगी

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर निकाय चुनावों को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इससे पहले 13 अगस्त को निकाय और पंचायत प्रमुखों की लॉटरी निकाली गई थी। अब 17 अगस्त को जोधपुर जिले के निकायों के वार्डों की लॉटरी निकाली जाएगी। जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में सुबह 10 बजे से लॉटरी की प्रक्रिया शुरू होगी। इस प्रक्रिया में सबसे पहले निकायों और फिर पंचायती राज संस्थाओं के आरक्षण की लॉटरी निकाली जाएगी। निकायों में सबसे पहले जोधपुर नगर निगम के 100 वार्डों की लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद जिले के अन्य निकायों के वार्डों की लॉटरी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी कलक्टर जोधपुर आलोक रंजन ने बताया कि ऑडिटोरियम मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर में 17 अगस्त को नगर निगम जोधपुर के लिए सुबह 10 बजे से 11 बजे तक, नगर पालिका बिलाड़ा, पीपाड़ शहर, भोपालगढ़, बालेसर सत्ता, मथानिया, तिवंरी के लिए प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक, जिला परिषद सदस्य के लिए दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक, पंचायत समिति प्रधान के लिए दोपहर 3 बजे से सांय 4 बजे तक, पंचायत समिति सदस्य के लिए सांय 4 बजे से आरक्षण/लॉटरी निकाली जाएगी। जोधपुर नगर निगम के 100 वार्डों में से 20 वार्ड ओबीसी के लिए रिजर्व रहेंगे। वहीं इस बार शहर में सभी कैटेगरी को मिलाकर कुल 34 महिलाएं पार्षद होंगी। वहीं एससी के कुल 13 वार्ड रिजर्व रखे गए हैं, जबकि एसटी के 2 वार्ड हैं। अनारक्षित कैटेगरी के 65 वार्ड हैं। इनमें 22 अनारक्षित महिला कैटेगरी के हैं।

## जोधपुर में धूप खिली, बारिश के आसार नहीं

### उमस बढ़ी, अब तक सामान्य से 14 प्रतिशत कम बरसात

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मौसम विभाग ने अब जोधपुर में रमौसम साफ बना रहने और हल्के बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 अगस्त तक बारिश का अलर्ट नहीं है। रविवार को भी सुबह से ही धूप निकली रही और बारिश नहीं हुई। शहर में रविवार को तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। अधिकतम तापमान 32 और यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार 15 अगस्त तक जोधपुर में एक जून से सामान्य से 14 प्रतिशत कम बारिश हुई है। सामान्य बारिश 203.9 एमएम होनी चाहिए थी, जबकि इस बार केवल 189.2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। जो कि मानसून सीजन क सामान्य से 14.7 फीसदी कम है। मौसम विभाग की ओर से 21 अगस्त तक किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया और मौसम भी सामान्य रहेगा। वहीं बारिश का दौर थमने के साथ ही गर्मी, उमस अब धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

## श्रमिक की मौत, युवक ने फंदा लगाया

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के बोरानाडा स्थित एक फैक्ट्री में टीनशेड पर चढ़ते एक श्रमिक नीचे गिर गया। हादसे में घायल श्रमिक की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ एक युवक ने अपने किराए के कमरें पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

बोरानाडा पुलिस ने बताया कि मूलत: शेरगढ़ के साई निवासी 25 साल का प्रकाशराम पुत्र विरमाराम जाट यहां बोरानाडा स्थित एक फैक्ट्री में टीनशेड पर चढ़ते समय अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसकी मौत हो गई। इस बारे में उसके भाई मांगाराम की तरफ से थाने में मर्ग दर्ज करवाया गया है। दूसरी तरफ एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में किराए पर रहने वाले सुवासरा मंदसौर एमपी निवासी 35 साल के संजय पुत्र भवानी शंकर ने अपने रूम पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। वह यहां जोधपुर में रहकर मजदूरी करता था। उसके आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया। उसके पिता भवानी शंकर ने रिपोर्ट दी।

## शाह ने किया आयुर्वेद पंचकर्म उत्कृष्ट केंद्र का वर्चुअल लोकार्पण

### 50 से अधिक बीमारियों के उपचार की मिलेगी सुविधा



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय परिसर स्थित अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद पंचकर्म उत्कृष्ट केंद्र का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर जोधपुर में आयोजित समारोह में पूर्व सांसद राजेंद्र गहलोत, संभागीय आयुक्त कन्हैयालाल स्वामी, जिला कलेक्टर आलोक रंजन तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्य गोविंद सहाय शुक्ल सहित विभिन्न गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिसर में विकसित किया गया यह अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद पंचकर्म उत्कृष्ट केंद्र लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। केंद्र को पंचकर्म चिकित्सा, आयुर्वेदिक वेलनेस, प्रशिक्षण एवं शोध के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। केंद्र में 50 से अधिक विभिन्न रोगों के लिए पंचकर्म चिकित्सा एवं संबंधित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। यहां मरीजों के लिए पंचकर्म की विभिन्न विधियों के साथ आवासीय सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। केंद्र में 50 हट तथा 51 आवासीय फ्लैट तैयार किए गए हैं, जिनमें से 9 हट विशेष रूप से पंचकर्म चिकित्सा के लिए विकसित किए गए हैं। केंद्र में मरीजों को उपचार के साथ-साथ आरामदायक आवास, वेलनेस तथा आयुर्वेद आधारित समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसकी संरचना में प्रशासनिक ब्लॉक, आवासीय सुविधाएं एवं थेरेपी सुविधाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## दो युवकों से 15 लाख की ठगी

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में दो युवकों से इंवेस्टमेंट के नाम पर 15 लाख से ज्यादा की ठगी के प्रकरण दर्ज हुए है। पीड़ितों ने नागौरी गेट थाने में ठगी के प्रकरण दर्ज कराए है। पुलिस अब इसमें जांच कर रही है। नागौरी गेट पुलिस ने बताया कि मेघवाल बस्ती निवासी पृथ्वीराज पुत्र रामनारायण की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि कुछ समय पहले उसकी पहचान ऋतुल पाटीदार से हुई थी। उसने बड़े मुनाफे का प्रलोभन दिया था। उसने निवेश के नाम पर उससे 9 लाख रुपए ऐंठ लिए। लेकिन ना तो मुनाफा मिला और ना ही दी गई रकम वापिस मिल पाई। पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ऋतुल ने बाद में अपना फोन भी बंद कर दिया। नागौरी गेट पुलिस ने प्रकरण पर अब जांच आरंभ की है। दूसरी तरफ मिरासी कॉलोनी रेलवे स्टेशन के सामने नागौरी गेट के रहने वाले समीर अली पुत्र मुमताल अली की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी पहचान पवन गुप्ता नाम के शख्स से हुई थी। जिसने शेयर बाजार में इंवेस्टमेंट के नाम पर उससे 6 लाख 65 हजार रुपए निवेश करवाए। लेकिन काफी समय गुजरने के बाद भी कोई मुनाफा नहीं हुआ।

## श्री शिव महापुराण कथा एवं शिव विवाह महोत्सव का शुभारंभ




**जोधपुर( हुक्मनामा समाचार )।** श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में श्री शिव महापुराण कथा एवं शिव विवाह महोत्सव का आयोजन मदेरणा कॉलोनी स्थित सेन मंदिर में किया जा रहा है। कथा का आयोजन 16 से 23 अगस्त तक होगा। मदेरणा कॉलोनी के पार्षद मुकेश शर्मा ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल हो रहे हैं।

महोत्सव के शुभारंभ पर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरुआत मदेरणा कॉलोनी स्थित दधिमती हनुमान मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के पश्चात हुई। इसके बाद यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। तत्पश्चात कलश यात्रा मदेरणा कॉलोनी स्थित सेन मंदिर कथा स्थल पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन कर कथावाचक महाराज उमाशंकर का आशीर्वाद लिया।

कलश यात्रा में मदेरणा कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कथावाचक महाराज उमाशंकर ,पंडित बाबूलाल जी,शिक्षक उम्मेद सिंह, स्थानीय पार्षद मुकेश, जसराज, धनराज, प्रेमाराम, छगन, सोहन लाल, मूलाराम भाटी, दौलाराम, सुशील लखारा, लक्ष्मी नारायण, सुरेंद्र , मदन, गौतम, शेषमल, शांति देवी एवं माणक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।महोत्सव के दौरान मदेरणा कॉलोनी स्थित सेन मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा के साथ शिव विवाह महोत्सव एवं विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए जनसंपर्क कार्यालय के श्रवण राम जिला स्तर पर सम्मानित

**जोधपुर( हुक्मनामा समाचार )।** 80वें स्वाधीनता समारोह के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, जोधपुर के वरिष्ठ सहायक श्रवण राम को विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान एवं सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।



संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्रवण राम द्वारा कार्यालय में सौंपे गए दायित्वों का निष्ठा, कार्यकुशलता एवं समयबद्धता के साथ निर्वहन किया जा रहा है। उनके उत्कृष्ट कार्य एवं कर्तव्य के प्रति समर्पण को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा उनका चयन जिला स्तरीय सम्मान के लिए किया गया।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों, कार्मिकों एवं मीडिया बंधुओं ने श्री श्रवण राम को सम्मान प्राप्त होने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



ADVT


## कार पलटने से महिला की मौत, पति घायल

**जोधपुर( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के निकटवर्ती डांगियावास स्थित जालेली फौजदार गांव की सरहद में सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया। उनकी कार के सामने अचानक से कोई आवारा पशु आ गया था। कार पलटने से दंपती घायल हो गया था। घटना में मृतका के पुत्र की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। डांगियावास पुलिस ने बताया कि भीलवाड़ा के गांधीनगर कांचीपुर निवासी श्रीष जैन पुत्र ज्ञानचंद जैन ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी माताजी सुशीला और पिता ज्ञानचंद कार में सवार होकर जोधपुर आ रहे थे। यह लोग कार लेकर जब जालेली फौजदार गांव की सरहद में आए तब कार के सामने एक आवारा पशु अचानक से आ गया।

## कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति से वंदे मातरम् दो हिस्सों में विभाजित : शेखावत

### केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना



**जोधपुर( हुक्मनामा समाचार )।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। अपने निवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान शेखावत ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के चलते वंदे मातरम को दो हिस्सों में विभाजित किया। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया।

शेखावत ने कहा कि वंदे मातरम को केवल एक गीत के तौर पर नहीं देखा जा सकता। यह देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत रहा है। उनके अनुसार, वंदे मातरम ने लाखों लोगों को आजादी के आंदोलन से जुडने और देश के लिए बलिदान देने की प्रेरणा दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे स्वतंत्रता आंदोलनों को एकता के सूत्र में जोडने में भी वंदे मातरम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों में राष्ट्रीय भावना को मजबूत करने का काम किया। शेखावत ने आरोप लगाया कि संविधान सभा के निर्णय के बावजूद कांग्रेस ने मन से कभी वंदे मातरम को वह सम्मान नहीं दिया, जिसका वह हकदार था। उन्होंने वंदे मातरम के विभाजन को देश के विभाजन की दिशा में आगे बढने वाला कदम बताया। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि संसद की ओर से कानून पारित किए जाने के बाद वंदे मातरम से जुड़े कृत्यों का विषय कानूनी दृष्टि से भी गंभीर हो गया है। उन्होंने इस मामले को देश की भावनाओं और इतिहास से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया।

मीडिया से बातचीत के दौरान शेखावत ने प्रधानमंत्री की ऑनलाइन कोचिंग को लेकर की गई पहल का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय की जरूरतों के मुताबिक देश की शिक्षा व्यवस्था में लगातार बदलाव और आधुनिकीकरण जरूरी है। शेखावत ने कहा कि देश में कोचिंग संस्थानों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए महंगी कोचिंग फीस का खर्च उठाना मुश्किल हो जाता है। विद्यार्थियों को उनकी जरूरत के अनुसार ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने वाला प्लेटफॉर्म इस समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हो सकता है। केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि ऑनलाइन कोचिंग की यह पहल आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इसे बदलते दौर की शैक्षणिक जरूरतों के अनुरूप एक उपयोगी कदम बताया।


स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066, सिटी कार्यालय : मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -जयपुर कार्यालय : जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

# राजस्थान में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस, तिरंगे की शान में डूबा प्रदेश

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोहों में मंत्रिपरिषद के सदस्यों, संभागीय आयुक्तों और जिला कलक्टरों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद पुलिस एवं विभिन्न टुकड़ियों ने अनुशासित मार्च पास्ट किया।

समारोहों का आगाज राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन से हुआ। इसके बाद राष्ट्रगान, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले लोगों के सम्मान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान वीरांगनाओं, सरकारी कार्मिकों, विद्यार्थियों और समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। जोधपुर में जिला स्तरीय मुख्य समारोह श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम में आयोजित हुआ। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने ध्वजारोहण किया और परेड निरीक्षण के बाद मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने का दिन है।

**सवाई माधोपुर** के पुलिस परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास तथा आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समारोह में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

**कोटा** के महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में आयोजित समारोह में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

**टोंक** में जलदाय एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया। आरएसी एवं राजस्थान पुलिस बैंड ने वंदे मातरम् और राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत की।

**पाली** में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने राजकीय श्री बांगड़ स्टेडियम में तिरंगा फहराया और परेड का निरीक्षण किया। वहीं सीकर के जिला खेल स्टेडियम में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

**नागौर** में महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने पुलिस एवं विभिन्न टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

**बूंदी** में ऊर्जा राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली गोविंदपुर बावड़ी की होनहार बेटी एवं अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी को सम्मानित किया गया। उनकी उपलब्धि को जिले और प्रदेश के लिए गौरव बताया गया।

**सिरोही** में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। प्रतापगढ़ में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हॉकी मैदान में आयोजित समारोह में तिरंगा फहराया।

**उदयपुर** के गांधी ग्राउंड में जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने ध्वजारोहण किया। डूंगरपुर में जिला कलक्टर देशलदान ने लक्ष्मण मैदान में तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली। बांसवाड़ा के कुशलबाग मैदान में जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने ध्वजारोहण किया।

**जालोर** स्टेडियम में मुख्य सचेतक ने ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया। बाड़मेर में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने ध्वजारोहण किया। फलौदी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के मुख्य आतिथ्य में मेजर शैतान सिंह स्टेडियम में समारोह आयोजित हुआ।

**ब्यावर** में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने समारोह को संबोधित करते हुए जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

**अलवर** के इंदिरा गांधी स्टेडियम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित हुआ। हनुमानगढ़ में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया।

**श्रीगंगानगर** में डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने ध्वजारोहण किया।

**धौलपुर** के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। झालावाड़ के श्रीमती विजया राजे सिंधिया राजकीय खेल संकुल में जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने तिरंगा फहराया।

**बांसवाड़ा, बारां, करौली और कोटपूतली-बहरोड़** सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुए। विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड और सम्मान समारोहों ने आयोजन को यादगार बना दिया।

पूरे प्रदेश में आयोजित समारोहों में तिरंगे की शान, देशभक्ति के नारों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय गौरव एवं उत्सव का स्वरूप प्रदान किया।

# जेएनवीयू को आईसीएसएसआर से 10 लाख का अनुदान स्वीकृत

### 14 से 20 दिसंबर तक होगा कार्यक्रम का आयोजन

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय को अकादमिक लेखन एवं शैली विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए 10 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत किया है। यह कार्यक्रम 14 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संयुक्त समन्वय विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विवेक पहाड़िया एवं मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता जोशी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत युवा शिक्षकों एवं शोधार्थियों के अकादमिक शोध एवं लेखन कौशल को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम के दौरान अकादमिक लेखन की तकनीक, शोध पद्धति तथा विद्वतापूर्ण लेखन शैली सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय के अनुसार, इस पहल से युवा शिक्षकों एवं शोधार्थियों को अपने शोध कार्य को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रस्तुत करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, इससे भारतीय अकादमिक जगत में शोध की गुणवत्ता और शोध परिणामों को बेहतर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है।

# डीआरएम कार्यालय में विकास केंद्र विकसित

### प्रशिक्षण, कौशल और व्यक्तित्व विकास की सुविधाएं एक ही छत के नीचे

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय अब केवल रेल संचालन और प्रशासनिक फैसलों का केंद्र नहीं रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने कार्यालय परिसर में विकास केंद्र विकसित किया है, जहां रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण, कौशल विकास, करियर मार्गदर्शन और व्यक्तित्व विकास की सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। विकास केंद्र में डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासरूम, इंटरएक्टिव डिजिटल वॉल, डिजिटल क्विज और आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की गई हैं। यहां रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण, करियर काउंसलिंग और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और कर्मचारियों को बदलती तकनीक और कार्य आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने पर जोर दिया जाएगा। केंद्र में आधुनिक सुविधाओं के साथ रेलवे की विरासत और राजस्थान की कला-संस्कृति को भी प्रदर्शित किया गया है। रेल इतिहास, इंजन मॉडल, दुर्लभ तस्वीरों तथा राजस्थानी कला-संस्कृति को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिससे नई पीढ़ी को रेलवे के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का प्रयास किया गया है। कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए पुस्तकालय, इंडोर स्पोर्ट्स, जिम, योग और कैफे कॉर्नर जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इससे केंद्र प्रशिक्षण के साथ स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने का माध्यम भी बनेगा। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि विकास केंद्र का उद्देश्य कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय युवाओं को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे नई तकनीक सीखने के साथ अपने कौशल और व्यक्तित्व का विकास कर सकें।

# जालोरी गेट चौराहा पर शहीद बिस्सा की प्रतिमा पर लगी छतरी का लोकार्पण

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी बालमुकुंद बिस्सा की मूर्ति पर बनी छतरी का लोकार्पण किया गया। जालोरी गेट चौराहा पर लगी बिस्सा की मूर्ति की छतरी का निर्माण जोधपुर विकास प्राधिकरण की ने शहर विधायक अतुल भंसाली द्वारा विधायक कोष की राशि से कराया गया है। इसमें करीब 20 लाख की राशि खर्च हुई है। छतरी का लोकार्पण जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली और सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी ने किया। सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को याद करना भाजपा की परंपरा है। उसी परंपरा के तहत शहीद बिस्सा की मूर्ति पर छतरी का लोकार्पण किया गया है। यह उनको श्रद्धांजलि है। वहीं शहर विधायक अतुल भंसाली ने कहा कि 80 साल से बिस्सा की मूर्ति खुले में लगी हुई है। पूरे शहर की भावना को देखते हुए इस छतरी का निर्माण कराया गया।

### मथानिया-तिंवरी रोड पर टोल शुरू, पहले दिन ही जताया विरोध

# सिटी बस चालकों और ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, लगा लंबा जाम



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मथानिया-तिंवरी-देचू रोड पर टोल वसूली शुरू होते ही विरोध प्रदर्शन भड़ उठा। रविवार को टोल वसूली के पहले ही दिन सिटी बस एसोसिएशन के चालकों और स्थानीय ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पर बसें खड़ी कर सड़ पर धरना दिया। इस विरोध प्रदर्शन के कारण टोल प्लाजा पर गहमागहमी का माहौल बन गया और वाहनों की लंबी कतारें लगने से लंबा जाम लग गया। सिटी बस चालकों और ग्रामीणों का मुख्य विरोध स्थानीय वाहनों से टोल वसूली को लेकर है। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि तिंवरी, मथानिया और आसपास के गांवों के लोग दैनिक आवागमन के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे में उनसे प्रतिदिन टोल वसूलना एक अतिरिक्त आर्थिक बोझ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्थानीय लोगों को 310 रुपये का मासिक पास नहीं, बल्कि टोल में पूरी छूट मिलनी चाहिए। उनका कहना है कि स्थानीय निवासी इस सड़ का नियमित उपयोग करते हैं और उनके लिए हर दिन टोल देना व्यावहारिक नहीं है। विरोध प्रदर्शन के दौरान टोलकर्मियों और वाहन चालकों के बीच शुल्क को लेकर तीखी बहस भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक स्थानीय वाहनों के लिए पूरी छूट नहीं दी जाती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। वहीं, टोल प्रबंधन ने निर्धारित शुल्क वसूलने की बात कही है।

# केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने किया एकेडफिनिटी के एकीकृत के-12 शिक्षा तंत्र का अनावरण

### जोधपुर स्थित एडटेक स्टार्टअप की विशेषज्ञ सेवाओं को एक मंच पर लाने की पहल

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत सरकार के रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जोधपुर स्थित एकेडफिनिटी एजुकेशनल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट और आधिकारिक ब्रोशर का अनावरण किया। यह शुरुआत भारतभर के स्कूल संस्थानों को तकनीक, ज्ञान, संसाधनों और विशेषज्ञ सेवाओं से जोड़कर एक एकीकृत के-12 शिक्षा तंत्र विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि भारत के शिक्षा तंत्र को मजबूत बनाने और संस्थानों को बेहतर एवं सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाने में तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि एकेडफिनिटी जैसी पहल, जो स्कूलों को तकनीक, ज्ञान, संसाधनों और विशेषज्ञता से जोड़ने का प्रयास करती है, अधिक सक्षम और भविष्य के लिए तैयार शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण में योगदान दे सकती है। भारत का के-12 शिक्षा क्षेत्र विशाल और विविधतापूर्ण है। स्कूलों को अकादमिक सहयोग, प्रबंधन प्रणाली, व्यावसायिक विकास, खरीद व्यवस्था और विशेषज्ञ सेवाओं जैसी आवश्यकताओं के लिए अक्सर अलग-अलग सेवा प्रदाताओं पर निर्भर रहना पड़ता है। एकेडफिनिटी इन आवश्यकताओं को छह परस्पर जुड़े केंद्रों के माध्यम से एक मंच पर लाने का लक्ष्य रखता है।



एकेडफिनिटी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भारत पंचारिया ने कहा कि शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में दो दशकों से अधिक समय तक कार्य करने के दौरान उन्होंने महसूस किया कि स्कूलों में सुधार की इच्छा तो होती है, लेकिन सही विशेषज्ञता, तकनीक और संसाधनों तक आसान पहुंच हमेशा उपलब्ध नहीं होती। एकेडफिनिटी का उद्देश्य इन क्षमताओं को एक साथ लाकर संस्थागत सहयोग को अधिक व्यवस्थित, सुलभ और क्रियान्वयन योग्य बनाना है। उन्होंने कहा कि तकनीक बेहतर निर्णय लेने और अधिक सशक्त शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण में सक्षम भूमिका निभा सकती है।

एकेडफिनिटी की सह-संस्थापक विजय लक्ष्मी राठौड़ ने कहा कि शिक्षा का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि विभिन्न हितधारक कितनी प्रभावी तरीके से एक साथ कार्य करते हैं। स्कूल, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी की आवश्यकताएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन सभी एक ही शैक्षणिक यात्रा का हिस्सा हैं। एकेडफिनिटी का उद्देश्य ऐसा जुड़ा हुआ शिक्षा तंत्र तैयार करना है, जहां सभी हितधारकों को एक ही मंच पर उनकी आवश्यकता के अनुसार ज्ञान, संसाधन, तकनीक और सहयोग उपलब्ध हो सके।

# जोधपुर में स्वाधीनता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 77 व्यक्तियों का सम्मान

### जिला स्तरीय समारोह में संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने प्रदान किए प्रशंसा पत्र

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** स्वाधीनता दिवस के अवसर पर श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले 77 व्यक्तियों को संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. धन्वन्तरी सोनगरा को राष्ट्रीय पैरा तलवारबाजी चैम्पियनशिप भुवनेश्वर 2025 में भाग लेने, राजस्थान स्टेट पैरा टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2024 में कांस्य पद प्राप्त करने के लिए, रूद्राक्ष मेवाडा को अंडर 14 खिलाड़ी राज्य स्तरीय नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान व बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए, किरण चौहान को राष्ट्रीय स्तर हैण्डबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए, प्रिंस चौधरी को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि जेईई एडवांस में ऑल इंडिया में 14 वीं रैंक प्राप्त करने पर, गिरीशमा गहलोत को 69 वीं नेशनल स्कूल 2025-26 सॉफ्टबॉल अंडर-17 प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने पर, तितिक्षा गहलोत को 69 वीं नेशनल स्कूल 2025-26 सॉफ्टबॉल अंडर 14 प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर, मानसी जांगि? को आरबीएसई कक्षा 12 वीं कला वर्ग में 2025-26 में 99.20 प्रतिशत प्राप्त कर जोधपुर में प्रथम स्थान व राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर, अक्षरा खोजा को 69 वीं नेशनल स्कूल 2025-26 सॉफ्टबॉल अंडर-14 प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर, लक्ष्मी को 69 वीं नेशनल स्कूल 2025-26 सॉफ्टबॉल अंडर 14 प्रतियोगिता मे कांस्य पदक प्राप्त करने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

इसी प्रकार जेडीए उपायुक्त दिनेश मीणा को उत्कृष्ट कार्य के लिए, डॉ. किशोर कुमार



खत्री को गेस्ट्रोएंथोनी सेवाएं की कॉपीराइट एवं पेटेन्ट संबंधी कार्य संपादन के लिए, महात्मा गांधी अस्पताल की वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी रूपकौर चौहान को मुख्य ऑपरेशन थियेटर में उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं के लिए, मथुरादास माथुर अस्पताल की वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी दीपा राम सीरवी को विभागीय कार्यों को कर्तव्यपूर्ण निर्वहन के लिए, उम्मेद अस्पताल के लिए वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी नृसिंग परिहार को निष्ठा एवं अनुशासन के लिए कार्य सम्पादन के लिए, प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सेक्टर 11 चौहाबो रेणु व्यास को विद्यालय एवं विद्यार्थी हित की सुरक्षा हेतु भामाशाह एवं कर्मचारी गण को प्रेरित करते हुए विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा व छत मरम्मत, विद्यालय के भौतिक संसाधनों का विस्तार करने के लिए, प्रवीणा, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौखा को उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम, भामाशाह प्रेरणा एवं विद्यालय विकास, लोकसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य के लिए, प्रधानचार्य, शहीद गंगाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाढणिया बालेसर केसर सिंह राजपुरोहित को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप मे उत्कृष्ट कार्य के लिए, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केलावा कंला बावड़ी प्रिन्स व्यास को विभागीय कार्यों के लिए अकाल, चुनाव इत्यादि में अनुशासन, समर्पित एवं निष्ठा से सम्पादित करने के लिए, अपर लोक अभियोजक, अपर जिला एवं सेशन न्यायालय जोधपुर जिला मयंक रांकावत को राज्य सरकार की ओर आपराधिक मामलों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक संख्या में गवाहान के बयान करवाए गए व राज्य सरकार के पक्ष में निर्णय करने के लिए, संयुक्त निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मिनाक्षी चौधरी को जनगणना कार्य 2027, उप जिला जनगणना के रूप के प्रथम चरण के जनगणना कार्यो की मॉनिटरिंग के लिए, सहायक अभियंता नगर निगम जोधपुर मुक्ता चौधरी, को विभागीय कार्यो को निष्ठा से करने हेतु, सहायक अभियंता, मुख्य अभियता जल संसाधन संभाग जोधपुर वर्तिका सिंह को तकनीकी कार्य समय पर सम्पादन के लिए, बाल विकास परियोजना अधिकारी धवा जोधपुर भागीरथ भीयाराम को पोषण अभियान के अंतर्गत जन आन्दोलन डेशबोर्ड एवं पोषण अभियान 2025 में जोधपुर जिला राजस्थान में प्रथम स्थान पर रखने में उत्कृष्ट योगदान के लिए, विकास अधिकारी पंचायत समिति लूणी कंवरलाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी कार्यालय अति आयुक्त चतुर्थ माडा जोधपुर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित को फ्लैगशिप योजनाओं में जिला एवं राज्यस्तरीय विभिन्न आयोजनों में लगन एवं निष्ठा से कार्य सम्पादन के लिए, जिला एवं सेशन न्यायाधीश जोधपुर जिला गोविन्दराज सोनगरा, अध्यापिका एल-1 राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घड़ाव करवड़ सरिता चौधरी को को भारत साक्षरता कार्यक्रम, संभागीय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा अनिल दाधिच को विधायक शिक्षा का साथी योजना के विभागीय समन्वयक के रूप में प्रभारी कियान्वयन के लिए, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी करू रामलाल को विभागीय कार्यो के लिए, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय संभागीय संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा जोधपुर गौरव गुप्ता को कम्प्यूटर कार्य में कुशलता, विभागीय कार्यो मे तत्परताके लिए, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जेडीए जोधुर में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत राजन कुमार दैय्या को विभागीय कार्यो के कर्तव्य के लिए, भू.अ. निरीक्षण जोधपुर उत्तर तहसील कार्यालय मोहनलाल, भू.अ.निरीक्षण, कार्यालय तहसील जोधपुर पूनमचंद विश्नाई को ग्रामीण सेवा शिविर 2026 में सराहनीय कार्य के लिए, वनरक्षक रेंज बालेसर, उप वन संरक्षण जोधपुर भंवरलाल को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ठ कार्य के लिए, अध्यापक एल-2 राजकीय प्राथमिक विद्यालय डोडियानाडा नन्दवान भरत कुमार वैष्णव को राजकीय व प्रशासनिक कार्यक्रमों में मंचा संचालन के लिए, कानिस्टेबल, कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण रामस्नेही, शारीरिक शिक्षक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामूजी का बेरा गगाड़ी जवरीलाल मोसलपुरी को खेल एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए, वरिष्ठ सहायक जेडीए योगेश गहलोत, बीएलओ कार्य, एसआईआर 2025, बोर्ड परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत प्राप्त करने के लिए, सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय जिला कलक्टर जोधपुर किशनाराम को कार्यालय जिला कलक्टर में शहीद आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्त प्रदान करने संबंधी कार्य व अन्य कार्य पूर्ण निष्ठा से करने के लिए, फार्मासिस्ट ग्रेड प्रथम एमडीएम अस्पताल महेन्द्र कंवर को राज्य सरकार के अंतर्गत संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं के अधीन मरीजों को त्वरित दवाईयां व सहायता उपलबध कराने हेतु,वरिष्ठ सहायक, कार्यालय संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कन्हैया लाल को ग्रामीण सेवा शिविरों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अधिकतम लाभान्वित करने के लिए,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़लिया धवा जोधपुर वकील मोहम्मद, सहायक कर्मचारी कार्यालय तहसील जोधपुर मन्जूलता, सफाई कर्मचारी नगर निगम जोधपुर तुलछीराम व संगीता, वाहन चालक नवलाराम को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ADVT

## जोधपुर पेंशनर्स हितकारी ट्रस्ट ने भेंट की विद्यालय में उपयोगी सामग्री



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पुलिस लाईन, जोधपुर में जोधपुर पेंशनर्स हितकारी ट्रस्ट द्वारा विद्यालय के उपयोग हेतु 5 दरिया (जाजम) भेंट की गई। यह सेवा कार्य गत वर्ष विद्यालय में जोधपुर पेंशनर्स हितकारी ट्रस्ट द्वारा घोषित संकल्प को पूर्ण करते हुए किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने ट्रस्ट के सेवा कार्यों के लिए विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष जीएल तिवारी, उपाध्यक्ष हरिराम लोहार और विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित रहा।

## पेन इण्डिया मॉल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विजयराजे नगर, झालामण्ड स्थित पेन इण्डिया मॉल में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। समारोह में मॉल की मुख्य संचालिका सुश्री शिविका तनेजा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया तथा सुरक्षा गार्डों द्वारा आयोजित आकर्षक परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर मॉल में कार्यरत कर्मचारियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कर्मचारियों ने देशभक्ति के तराने प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं मॉल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।समारोह के समापन पर सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य हित निरीक्षक शर्मा सम्मानित



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।**जोधपुर मंडल के मुख्य हित निरीक्षक दिनेश शर्मा को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य हित निरीक्षक शर्मा द्वारा रेलवे कर्मचारियों के कल्याण, उनकी समस्याओं के समाधान तथा प्रशासन और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में निरंतर सक्रिय एवं सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उनके उत्कृष्ट कार्य एवं कर्मचारी हितों के प्रति समर्पण को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।दिनेश शर्मा उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के संयुक्त मंडल सचिव के रूप में भी कर्मचारी हितों के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं। शर्मा को उत्कृष्ट कार्य के लिए मैन ऑफ द मंथ का पुरस्कार भी मिल चुका है।

### एमबीएम यूनिवर्सिटी में 1974 बैच के गोल्डन जुबली स्टूडेंट वेलफेयर सेंटर का लोकार्पण

# एल्युमिनाई का योगदान भारतीय संस्कृति का नैसर्गिक दायित्वः शेखावत



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जीवन में धन अर्जित करना, नाम कमाना, बड़े पदों पर पहुंचना महत्वपूर्ण है, क्योंकि जो जीतता है वही सिकंदर होता है। लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति अपने पीछे क्या छोडक़र जा रहा है। रविवार को बतौर मुख्य अतिथि शेखावत ने एमबीएम विश्वविद्यालय में 1974 बैच द्वारा निर्मित गोल्डन जुबली स्टूडेंट्स वेलफेयर सेंटर का औपचारिक लोकार्पण एवं उद्घाटन किया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय से जुड़ी पुरानी स्मृतियों, छात्र राजनीति के दिनों, संस्थान के प्रति एल्युम्नाई के दायित्व और वैश्विक स्तर पर पूर्व छात्र नेटवर्क की ताकत को विस्तार से रेखांकित किया। शेखावत ने कहा कि वे इस विश्वविद्यालय में अपना परिचय कराए जाने को अपने लिए कम कॉम्प्लीमेंट बिल्कुल नहीं मान सकते, क्योंकि कैंपस के हर पत्थर और हर दीवार के साथ उनकी कोई न कोई स्मृति अवश्य जुड़ी हुई है। अपने छात्र संघ अध्यक्ष कार्यकाल (1992) की स्मृतियों को ताजा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने गर्ल्स हॉस्टल निर्माण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण वाकया सुनाया। केंद्रीय मंत्री ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में आज सीएसआर एक लीगल और ऑफिशियल टर्मिनोलॉजी बन गया है, लेकिन भारत की सभ्यता और संस्कृति में सीएसआर का सिद्धांत हमेशा से विद्यमान था। जहां से भी व्यक्ति ने कुछ प्राप्त किया है, चाहे वह समाज हो, परिवार हो या शिक्षण संस्थान, वहां कुछ वापस लौटाना हमारा नैसर्गिक दायित्व है। 1974 बैच ने इस भवन का निर्माण कर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नया आदर्श प्रस्तुत किया है।

## जेडीए में समारोहपूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस, आयुक्त चौधरी ने किया ध्वजारोहण



**जोधपुर।** जोधपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में शनिवार, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा प्रातः 8 बजे जेडीए कार्यालय प्रांगण में झण्डारोहण किया गया। झण्डारोहण के पश्चात् राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देते हुए सभी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा राष्ट्रगान आदर व सम्मान के साथ गाया गया। इस अवसर पर सचिव श्रीमती चंचल वर्मा, उपायुक्तगण, निदेशकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जेडीए कार्यालय भवन को लाईटिंग एवं रोशनी से जगमग किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित समारोह में संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल द्वारा जेडीए के उपायुक्त दिनेश कुमार मीणा को उत्कृष्ट कार्य के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जेडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आयुक्त श्री उत्साह चौधरी द्वारा विभागीय कार्यों में प्रशासनीय एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले उप विधि परामर्शी सुरेंद्र सिंह राठौड़, अधिशासी अभियंता महेंद्र प्रकाश व्यास, उप नगर नियोजक सौरभ गहलोत, भू-अभिलेख निरीक्षक जीवन सिंह, प्रोग्रामर खुशबू पारीख, वरिष्ठ प्रारूपकार देवेंद्र सिंह, अति. प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप चौधरी, वरिष्ठ सहायक अर्जुन पंवार, वरिष्ठ सहायक ओमप्रकाश चौधरी, कनिष्ठ लेखाकार भवानी सिंह को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया गया।

## आईटीबीपी के जवानों ने निकाली साइकिल रैली

**जोधपुर।** 42वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, पालड़ी खिचियान की ओर से फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में वाहिनी के जवानों के साथ हिमवीर परिवार के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कमांडेंट मनीष भाटिया के दिशा-निर्देशन एवं भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र, जोधपुर के सहयोग से आयोजित रैली को द्वितीय कमान विनोद कुमार डेरीवाल, उप कमांडेंट रहमान अली तथा भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र के सहायक मूलसिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# जोधपुर ग्रामीण के दो कांस्टेबल डीजीपी डिस्क से सम्मानित

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर ग्रामीण पुलिस के दो कांस्टेबल को उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दोनों जवानों को यह सम्मान प्रदान किया गया।

उन्होंने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने और मामले के खुलासे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी कड़ी मेहनत और जांच में अहम योगदान को देखते हुए पुलिस विभाग ने दोनों को सम्मानित किया। जोधपुर ग्रामीण पुलिस की साइबर सेल में तैनात दयाल सिंह चौहान और पुखराज विश्नोई को राजस्थान पुलिस के प्रतिष्ठित



डीजीपी डिस्क और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर ढ्ढत्र जोधपुर रेंज ने दोनों जवानों को इस सर्वोच्च सम्मान से नवाजा। दयालसिंह चौहान पीपाड़ उपखंड के सिलारी और पुखराज विश्नोई कोसाना के रहने वाले हैं।साइबर सेल में कार्यरत रहते हुए दोनों जवानों और उनकी टीम ने जिले में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने न केवल साइबर अपराधियों को पकडऩे में तकनीकी कुशलता का परिचय दिया, बल्कि ठगी के शिकार हुए आमजन को उनके पैसे वापस रिफंड करवाकर पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास भी मजबूत किया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल-कॉलेजों में युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में भी विशेष अभियान चलाए। दोनों जवानों ने पिछले वर्ष चेराई कस्बे में हुए 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने में इनकी मुख्य भूमिका निभाई थी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-जैतियावास**
**पंचायत समिति-बावड़ी (जोधपुर)**

क्रमांक : ग्रा.पं.जै./2026-27/120 दिनांक-16/08/2026

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जैतियावास में निर्माण कार्यों को करवाने हेतु वस्तु एवं सेवा कर विभाग के अन्तर्गत पंजीकृत संवेदकों से जो किसी भी संस्थान से विवर्जित/ब्लेकलिस्ट नहीं हो से निर्धारित प्रपत्र में निम्नलिखित निविदाएं दिनांक 20.08.2026 को समय 02.00 PM बजे तक आंमत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय व राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी, डाउनलोड की जा सकती है।

**NIB : PGN2627A0100 To 103**
**UBN : PGN2627WSOB00145 To 148**

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-जैतियावास, पं.स.-बावड़ी (जोधपुर)
प्रशासक, ग्राम पंचायत-जैतियावास, पं.स.-बावड़ी (जोधपुर)


# डीआरएम ने लिया रामदेवरा मेले की तैयारियों का जायजा

### भीड़ प्रबंधन, अतिरिक्त ट्रेनों की संभावना एवं यात्री सुविधाओं की समीक्षा

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने जैसलमेर दौरे के दौरान रामदेवरा मेले के दृष्टिगत पोकरण रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने मेले के दौरान श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की संभावित बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे की तैयारियों, भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधाओं, अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन की संभावनाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।



इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर भीड़ का सुचारू आवागमन, प्लेटफॉर्म प्रबंधन, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन की संभावनाओं और परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराई जा सके।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने पोकरण स्टेशन पर चल रहे विभिन्न विकास एवं आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन नए फुट ओवरब्रिज का निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता, प्रगति तथा निर्धारित समय सीमा में निर्माण पूरा करने के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

इसके साथ ही स्टेशन पर प्रस्तावित नई लूप लाइन सहित अन्य रेल विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-सुरपुरा खुर्द**
**पंचायत समिति भोपालगढ़ (जोधपुर)**

क्रमांक:-121 दिनांक : 13.08.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 2026-27/03**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुरपुरा खुर्द में सार्वजनिक नलकूप कार्य के लिए वस्तु एवं सेवा कर पंजीकृत फर्मों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय में व राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**UBN code -** PGR2627WSOB00126

प्रशासक, ग्राम पंचायत-सुरपुरा खुर्द, पं.स. भोपालगढ़ (जोधपुर)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-सुरपुरा खुर्द, पं.स. भोपालगढ़ (जोधपुर)


### भारत के मुख्य न्यायाधीश ने जोधपुर एनएलयू के स्थापना दिवस को किया संबोधित

# लॉ स्टूडेंट तकनीक का उपयोग उचित एवं नैतिक तरीके से करेंः सूर्यकांत

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर के 25वें स्थापना दिवस समारोह एवं वाइस चांसलर कॉनक्लेव 2.0 का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बोलते हुए कहा कि यह ऐसा टूल है, जिसका उपयोग रोका नहीं जा सकता। तकनीक के प्रति बेहतर दृष्टिकोण यह है कि इन उपकरणों को पारदर्शी और पर्यवेक्षित तरीके से कक्षाओं में लाया जाए, ताकि छात्र न केवल उनका उपयोग करना सीखें, बल्कि उनका उचित और नैतिक रूप से उपयोग करना भी सीखें।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अकादमिक अखंडता के प्रश्न उन सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों में से हैं जिनका कानूनी शिक्षा को आज सामना करना चाहिए और मुझे विश्वास है कि यह सम्मेलन इस पर गंभीरता से विचार करेगा, जिसकी उन्हें आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को यह सिखाया जाना चाहिए कि किस उपकरण पर भरोसा किया जा सकता है और



किस पर नहीं। जहां सत्यापन के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता और निर्णय में सहायता के लिए तकनीक का उपयोग करने के और निर्णय को पूरी तरह से बदलने की अनुमति देने के बीच की एक रेखा हो। इस समारोह की अध्यक्षता एनएलयू जोधपुर की कुलपति प्रो हरप्रीत कौर ने की,जबकि राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश भर के 26 विधि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों सहित राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और छात्रों ने भाग लिया।

लीगल टेक्नोलॉजी एंड इट्स रोड मैप कॉनक्लेव का उद्घाटनः स्थापना दिवस के बाद सूर्यकांत ने 'लीगल टेक्नोलॉजी एंड इट्स रोड मैप' विषय पर आयोजित वाइस चांसलर कॉनक्लेव 2.0 के उद्घाटन सत्र में हिस्सा लिया। इससे पहले कांन्क्लेव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि व्हाइस चांसलर्स कॉनक्लेव के इस दूसरे संस्करण का उद्घाटन करने के लिए जोधपुर में होना मेरे लिए प्रसन्नता की बात है। यह सम्मेलन समय के एक बहुत ही अर्थपूर्ण मोड़ पर आयोजित हो रहा है, जब विश्वविद्यालय अपने 25 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है।

इतिहास के अधिकांश हिस्से में, कानूनी पेशा तकनीक को देर से अपनाने वाला रहा है और अपने पारंपरिक तरीकों में सहज रहा है। लेकिन अब यह रवैया हमारे लिए उपलब्ध नहीं है। तकनीक अब कानूनी बिरादरी के दरवाजे पर दस्तक नहीं दे रही, यह पहले ही अंदर आ चुकी है और अनुबंधों की ड्राफ्टिंग, ड्यू डिलिजेंस, शोध और विवाद समाधान को नया आकार दे रही है। इसलिए, आगे का रास्ता हमारे लॉ स्कूलों से ही बनना चाहिए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-बिराणी**
**पंचायत समिति भोपालगढ़ (जोधपुर)**

क्रमांक:-ग्रा.पं./बिराणी/2026-27/107 दिनांक : 13.08.2026

**निविदा सूचना संख्या 2026-27/04**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिराणी में रा.उ.मा.वि. बिराणी खेल मैदान में ओवन जिम निर्माण कार्यों के लिए वस्तु एवं सेवा कर पंजीकृत फर्मों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑफलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय में व राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**UBN code -** PGR2627WSOB00129
**NIB-**PGR2627A0107

प्रशासक, ग्राम पंचायत-बिराणी, पं.स. भोपालगढ़ (जोधपुर)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-बिराणी, पं.स. भोपालगढ़ (जोधपुर)

# सिणली की धरा पर गूंजा श्री रावल मल्लीनाथ जी एवं कुंवर श्री जगमाल जी का शौर्य और पराक्रम

## सिणली की बहन-बेटियों की रक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाकर कुंवर श्री जगमाल जी ने शक्तिशाली सल्तनत को दी



**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** मारवाड़ की वीरता, स्वाभिमान, शौर्य और पराक्रम की गौरवशाली परंपरा को संजोए सिणली ग्राम में श्री रावल मल्लीनाथ-श्री राणी रूपादे संस्थान, तिलवाड़ा की ओर से ऐतिहासिक वीर परंपरा एवं सिणली की प्राचीन विरासत को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान प्रबंधन समिति अध्यक्ष कुंवर हरिशचंद्र सिंह जसोल ने की। वक्ताओं ने श्री रावल मल्लीनाथ जी की युद्धवीरता, कुंवर श्री जगमाल जी के अदम्य साहस, रणकौशल, नारी-सम्मान तथा महेवा के स्वाभिमान की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष का स्मरण किया।

सिणली पहुंचने पर सर्वप्रथम श्री ठाकुर जी प्रोल पर कुंवर हरिशचंद्र सिंह जसोल का स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने श्री ठाकुर जी मंदिर में दर्शन-पूजन किया तथा वृक्षारोपण किया। ऐतिहासिक सिणली तालाब पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सर्वसमाज की कन्याओं ने पारंपरिक स्वागत किया। यहां प्राचीन छतरियों पर पुष्पमालाएं अर्पित कर वीर पूर्वजों एवं ऐतिहासिक विरासत के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

**सिणली की बहन-बेटियों के सम्मान की रक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगा दी — कुंवर हरिशचंद्र सिंह जसोल**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुंवर हरिशचंद्र सिंह जसोल ने कहा कि मारवाड़ की यह धरा ऐसे वीरों की कर्मभूमि रही है, जिन्होंने मातृभूमि, स्वाभिमान, प्रजा और नारी-सम्मान की रक्षा को जीवन का सर्वोच्च धर्म माना। श्री रावल मल्लीनाथ जी एवं कुंवर श्री जगमाल जी की शौर्य परंपरा आज भी मारवाड़ के जनमानस को गौरवान्वित करती है।

# गडरा रोड में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के पश्चिमी सीमावर्ती जिले बाड़मेर के उपखंड गडरा रोड स्थित पीएम श्री स्वर्गवासी तेजू राम स्वतंत्रता सेनानी सीनियर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गडरा रोड उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार प्रथम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी उपस्थित रहे। दोनों ने राष्ट्रध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद वंदे मातरम् प्रार्थना और राष्ट्रगान के साथ मार्च पास्ट को सलामी दी गई।

विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के इस अवसर पर हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखना चाहिए और देश की एकता-अखंडता के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। अध्यक्ष उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार प्रथम ने देश की आजादी के संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास पर प्रकाश डाला। समारोह में ग्राम पंचायत गडरा रोड की सरपंच डेमी देवी, पूर्व सरपंच रमेश चंद्र, तहसीलदार मदन सिंह, भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष गेना राम सुथार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चंपा चौधरी, पंचायत समिति के विकास अधिकारी कैलाश खत्री, प्रधानाचार्य सहित स्कूल के शिक्षक-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित हुईं कांस्टेबल रामस्नेही विश्नोई



**बावड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में सराहनीय कार्य के लिए जोधपुर ग्रामीण पुलिस की कांस्टेबल रामस्नेही विश्नोई को सम्मानित किया गया। समारोह में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल और जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने रामस्नेही विश्नोई को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। रामस्नेही को महिलाओं में जागरूकता लाने और स्कूल-कॉलेजों में बालिकाओं को आत्मरक्षा की जानकारी देने के उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता और घरेलू हिंसा रोकथाम को लेकर कई अभियान चलाए। रामस्नेही की इस उपलब्धि पर जोधपुर ग्रामीण पुलिस के अधिकारियों और साथी कर्मियों ने बधाई दी। उनके परिजनों में भी खुशी का माहौल है। समारोह में जिला प्रशासन, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**भीनमाल (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल भीनमाल द्वारा रविवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष प्रवीण एम. दवे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने देश में सुशासन की नींव मजबूत करने के साथ अपनी दूरदर्शी नीतियों से भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा के वरिष्ठ नेता शेखर व्यास ने कहा कि अटल का ओजस्वी व्यक्तित्व, सरल व्यवहार और सिद्धांतवादी राजनीति आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान वक्ताओं ने अटल जी के जीवन, देशहित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों और उनकी कविताओं को याद किया। कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के बताए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# राजस्थान में पहली बार पूर्व सैनिकों ने किया मार्च पास्ट, तिरंगे को दी सलामी

**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपालगढ़ में आयोजित उपखंड स्तरीय समारोह में पूर्व सैनिकों ने अनुशासन और देशभक्ति से ओतप्रोत मार्च - पास्ट निकालकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। गौरव सेनानी वेलफेयर सोसाइटी, भोपालगढ़ के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्रवासियों के लिए गौरव और आकर्षण का केंद्र रहा। पूर्व सैनिकों ने सैन्य वेशभूषा में कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट किया और राष्ट्रध्वज के सम्मान में सलामी दी। पूर्व सैनिकों का यह अनुशासित मार्च पास्ट देखकर उपस्थित नागरिकों में देशभक्ति का जोश भर गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।गौरव सेनानी वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि राजस्थान में पहली बार पूर्व सैनिकों द्वारा इस प्रकार मार्च पास्ट निकालकर तिरंगे को सलामी देने का आयोजन किया गया है। यह ऐतिहासिक क्षण भोपालगढ़ के लिए गौरव का विषय है और आने वाली पीढ़ियों को देशसेवा, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देगा।

# नियमित डायलिसिस से ट्रांसप्लांट तक-फलोदी जिला अस्पताल ने दिखाई नई राह, पत्नी ने किडनी देकर पति को दी नई जिंदगी

**फलोदी, (हुक्मनामा समाचार)।** जिला अस्पताल फलोदी में संचालित डायलिसिस सेंटर की नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के साथ मरीजों को समय पर उचित चिकित्सकीय मार्गदर्शन देने का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। यहां पिछले करीब 8 माह से सप्ताह में दो बार नियमित डायलिसिस करा रहे 31 वर्षीय मरीज कंवराज सिंह तंवर का एम्स जोधपुर में सफल किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। मरीज की पत्नी ने अपनी एक किडनी दान कर पति को नई जिंदगी देने का साहसिक निर्णय लिया।

कंवराज सिंह क्रॉनिक किडनी डिजीज से पीड़ित थे और पिछले आठ माह से फलोदी जिला अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में नियमित रूप से सप्ताह में दो बार डायलिसिस करा रहे थे। इस दौरान जिला अस्पताल के PMO डॉ. अभिषेक अग्रवाल, कैलाश सुथार एवं डायलिसिस टीम ने मरीज और उसके परिजनों की लगातार काउंसलिंग करते हुए बेहतर एवं स्थायी उपचार के लिए किडनी ट्रांसप्लांट की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मेडिकल टीम के मार्गदर्शन और लगातार काउंसलिंग के बाद मरीज की धर्मपत्नी ने पति के जीवन को बचाने के लिए अपनी एक किडनी दान करने का निर्णय लिया। आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 12 अगस्त 2026 को एम्स जोधपुर में कंवराज सिंह का किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया। चिकित्सकों एवं परिजनों के अनुसार मरीज और किडनी दाता उनकी पत्नी दोनों स्वस्थ हैं तथा तेजी से रिकवर कर रहे हैं।

**जिला अस्पताल की नियमित डायलिसिस सेवा बनी उम्मीद की किरण :** इस पूरे प्रकरण में खास बात यह रही कि फलोदी जिला अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में मरीज को लंबे समय तक नियमित डायलिसिस सुविधा मिलती रही और इसी दौरान चिकित्सकीय टीम ने केवल डायलिसिस तक सीमित न रहकर मरीज के भविष्य के उपचार के लिए ट्रांसप्लांट की दिशा में भी उचित मार्गदर्शन दिया। इससे मरीज और परिवार को समय रहते स्थायी उपचार का विकल्प चुनने में मदद मिली।

# लैब के सामने पानी भरने से छात्र परेशान

**माउंट आबू।** सन 1927 में निर्मित बॉयज स्कूल , राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के 2 कमरों के सामने पानी के भराव व कीचड़ के चलते विद्यार्थियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

पिछले वर्ष 24 दिसंबर में विद्यालय के प्राचार्य ने यहां पर सीसी रोड बनवाने को लेकर नगरपालिका आयुक्त को पत्र लिखा था । इसके बाद 2026 में बारिश से पूर्व जून में भी प्राचार्य ने आयुक्त को स्मरण पत्र भेजकर यहां सीसी मार्ग या इंटरलॉकिंग ब्लॉक्स लगवाने का निवेदन किया । इसके साथ ही उपखंड अधिकारी को भी पत्र देकर समाधान करवाने का आग्रह किया गया था । इतने प्रयासों के बाद भी अभी तक इस भाग में कोई भी सुधार नहीं हो पाया है । उम्मीद की जा सकती है की खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन द्वारा संज्ञान लेकर छात्रों , शिक्षकों साहित आमजन को राहत पहुंचाई जाएगी ।

# प्रगति पथ पर गतिमान राजस्थान' कार्यक्रम का फलौदी में लाइव प्रसारण



**फलौदी, (हुक्मनामा समाचार)।** 'प्रगति पथ पर गतिमान राजस्थान' के तहत रविवार को अलवर के विजय नगर ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का नगर परिषद सभागार फलौदी में लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में 6,453 करोड़ रुपये की लागत के 954 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। वहीं 67 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 667 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा राशि भी किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इसके साथ ही 10,548 अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह एवं फलौदी विधायक पब्बाराम विश्नोई ने नव नियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान कर उनका स्वागत किया। उन्होंने नव नियुक्त कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-खेड़ी सालवा
## पंचायत समिति भोपालगढ़ (जोधपुर)

क्रमांक:-ग्रा.पं./खे.सा./2026-27/404 दिनांक : 05.08.2026

**निविदा सूचना संख्या 2026-27/04**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खेडी सालवा में पुस्तकालय निर्माण एवं छत मरम्मत निर्माण कार्य के लिए वस्तु एवं सेवा कर पंजीकृत फर्मों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑफलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय में व राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**UBN code -** PGR2627WSOB00099

**NIB-**PGR2627A0088

प्रशासक/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-खेड़ी सालवा
पं.स. भोपालगढ़ (जोधपुर)


**पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन**

# अटलजी हिमालय जैसी मजबूत सोच और समुद्र जैसे व्यापक मन के धनी थेः बांठिया



**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** सता का खेल तो चलेगा, सरकारे आएगी व जाएगी पार्टियां बनेगी बिगड़ेगी मगर यह देश रहना चाहिए देश का लोकतंत्र अमर रहना चाहिए ये पक्तियां अमर रहेगी।यह बात पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयीकी पुण्य तिथि पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व जनसेवक पूर्व विधायक चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बाठिया ने ट्रस्ट द्वारा आयोजित सभा मे सादर श्रद्धा सुमन अर्पितकरते हुए कही।

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य व ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बाठिया ने कहा कि हिमालय की तरह मजबूत उच्च सोच, समुद्र की तरह व्यापक मन वालेअटल बिहारी वाजपेयीअमूल्य कार्यों के माध्यम से जो देश की सेवा कर गए उनके योगदान को प्रत्येक भारतीय सदैव याद रखेगा। अटलजी राजनीति के क्षेत्र में चार दशकों तक सक्रिय रहे। वह लोकसभा में नौ बार और राज्यसभा में दो बार चुने गए।वाजपेयी 1980 में गठित भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष भी रहे।वे एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, नि:स्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति के धनी थे।अटलजी जब प्रदेश के मारवाड़ दौरें पर आते थे तो पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत व राजमाता विजय राजे सिंधियाजी के साथ जनसंघ के नेता पूर्व विधायक चंपालाल बांठिया के भाषणों को सुनने के जनसैलाब उमड़ता था।अटलजी अकाल के उस भयानक दौर में पूर्व विधायक चंपालाल बांठिया के साथ पश्चिमी राजस्थान के गांव-गांव ढ़ाणी-ढ़ाणी जाकर ग्रामीणों से रूबरू हुए थे और आम जनमानस के दुखों को अपना दुख मानकर उनकी सेवा की थी।

इस दौरान महिपाल करणोत, महिपाल चारण, ललित, ऋषभ चोपड़ा, ऋषभ तातेड़, अनिल, अनुज मदानी, राजेश चंडक, दीपेश गर्ग, रोहित सेन, नेमीचंद बारूपाल, करण कोशल, तनवीर चारण, महावीर माहेश्वरी, महेश घांची, अशोक चोपड़ा, संजय टेंट, शांतिलाल राजा, अशोक हुंडिया, दिनेश गुलेच्छा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

ADVT

# भामाशाहों ने बांटे 210 स्कूली बैग, खिले बच्चों के चेहरे

**जसवंतपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती पहाड़पुरा स्थित राजकीय विद्यालयों में भामाशाहों के सहयोग से स्कूली बैग वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय (रबारियों की ढाणी) के विद्यार्थियों को कुल 210 स्कूली बैग नि:शुल्क वितरित किए गए। समारोह में भामाशाह खेतसिंह देवल एवं छोटूसिंह देवल ने विद्यार्थियों को बैग भेंट कर उन्हें नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। नया स्कूली बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।इस अवसर पर संस्था प्रधान एवं विद्यालय स्टाफ ने दोनों भामाशाहों का माला व साफा पहनाकर पारंपरिक रूप से बहुमान किया और छात्रहित में दिए गए इस अनुकरणीय सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



## बीकानेर में भव्यता से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



# मुख्यमंत्री ने गिनाई राजस्थान की विकास उपलब्धियां

## 2047 तक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही-भजनलाल शर्मा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर के डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में 80वां स्वतंत्रता दिवस राज्य स्तरीय समारोह राष्ट्रभक्ति और उल्लास के साथ आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और मार्चपास्ट की सलामी ली। समारोह में पहली बार राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन भी हुआ।

विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों और स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार संवैधानिक भावना के अनुरूप राजस्थान सिविल संहिता-2026 लाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने अपराध एवं भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति, राजस्थान अशांत क्षेत्र कानून तथा धर्मांतरण रोकने के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही है। जल सुरक्षा के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल परियोजना पर काम जारी है। राजस्थान सौर ऊर्जा क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर है। पिछले 31 माह में 18 हजार किलोमीटर से अधिक नई सड़कों का निर्माण हुआ है।



मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की वार्षिक सहायता 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किए जाने, नए कृषि कनेक्शन, ब्याजमुक्त फसली ऋण तथा गेहूं पर बोनस जैसी उपलब्धियां गिनाईं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1,450 रुपये प्रतिमाह करने, महिला सशक्तीकरण, लाडो प्रोत्साहन योजना और लखपति दीदी कार्यक्रम का भी उल्लेख किया।

समारोह में प्रशासन, पुलिस एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पदक एवं योग्यता प्रमाण-पत्र तथा समाजसेवा, पर्यावरण, कला और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री ने 50 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य का आह्वान करते हुए बताया कि अब तक 24 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उदयपुर में फतेहसागर झील की पाल पर मॉर्निंग वॉक करते हुए आमजन से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने लोगों के साथ चाय की चुस्कियां लीं और बुजुर्गों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को दुलार करते हुए उन्हें चॉकलेट्स दी। मुख्यमंत्री के सहज व्यवहार से आमजन में उत्साह का माहौल नजर आया। इस दौरान जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद मन्नालाल रावत एवं विधायक फूल सिंह मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी साथ रहे।

## उड़ता तीर

......प्रदीप लोढ़ा

### प्रवासी सम्मेलन में जुटे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिसंबर में होने वाले प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन के लिए जुट गए हैं, पिछले सप्ताह इस संदर्भ में बेंगलुरु में कार्यक्रम करके आ गए हैं मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवासी सम्मेलन के लिए पूरी तैयारी देखी जा रही है मुख्यमंत्री इस बार इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने की कोशिश में है क्योंकि इस बार जो इन्वेस्टमेंट आ जाएगा वह चुनाव तक जमीन पर साकार होने लगेगा। फिर पिछले दो सम्मेलन से मुख्यमंत्री ने कई चीजे देख और समझ ली थी इसलिए इस बार पहले से बेहतर और प्रभावी कार्यक्रम होगा।

### चल पड़ी चुनावी ट्रेन।

309 शहरी निकायों प्रमुखोंऔर 41 जिला प्रमुख के पदों के लिए आरक्षण लॉटरी निकलने के साथ ही चुनावी ट्रेन चल चुकी है, हाई कोर्ट के कड़े निर्देश के बाद हो रहे इन चुनाव को लेकर लॉटरी निकलने से पहले कई तरह की चर्चा चल रही थी पर अब बात आगे बढ़ गई है सोमवार को पार्षदों की लॉटरी भी निकल जाएगी इसी के साथ चुनावी तस्वीर साफ होने लगेगी क्योंकि आरक्षित वार्ड होने से कई को मौका मिलेगा तो कई स्थानीय नेताओं के सपने चूर हो जाएंगे। वार्ड की तस्वीर से ही आगे प्रमुख की भी तस्वीर साफ होने लगेगी क्योंकि प्रमुख पार्षदों में से ही और पार्षदों के द्वारा चुना जाना है।

### कटौती या चाल।

309 शहरी निकायों और 41 जिला प्रमुखों की निकली आरक्षण लॉटरी को लेकर चर्चा है कि ओबीसी आरक्षण निर्धारित निर्देशों से कम मिला है यह कटौती किस स्तर पर हुई है पता नहीं लेकिन चर्चा यह भी है कि यह सब जानबूझकर तो नहीं किया गया है ताकि बखेड़ा खड़ा हो जाए तथा कोई कोर्ट में जाकर चुनाव पर ही स्टे लेकर आ जाए, कहां जा रहा है कि सरकार अगले वर्ष चुनाव कराने के मूड में थी और है। जानकार मान रहे हैं कि यह गलती जानबूझकर तो नहीं होगी।

### गुफ्तगू के मायने।

स्वाधीनता दिवस और गणतंत्र दिवस के दिन शाम को राज भवन में महामहिम राज्यपाल द्वारा गणमान्य व्यक्तियों के लिए एट होम हमेशा चर्चित रहता है क्योंकि आपस में मेल मिलाप का यह बहुत बड़ा स्थल माना गया है, एक वरिष्ठ आईएएस ओर आईपी एस अधिकारी के बीच कार्यक्रम के दौरान ही 20 मिनट तक चली गुफ्तगू ने कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है कुछ कह रहे हैं कि पुरानी फाइल बंद होने की बात थी कुछ मान रहे थे कि भ्रष्टाचार की नई फाइलें खुलने वाली है।

### सूची पहले या बाद ।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की सूची लंबे समय से प्रतीक्षारत है सभी अन्य की सुचिया आ चुकी है, अगले कुछ घंटे में चुनाव की आचार संहिता लगनी है, आने वाली सूची क्या-क्या आचार संहिता से पहले आएगी अथवा आचार संहिता लगने के बाद आएगी, माना जा रहा है बाद में आई तो सूची में जिला कलेक्टर शायद ही होंगे और पहले आई तो जिला कलेक्टर भी बदले जा सकते हैं।

### चुनाव का असर।

प्रदेश में पंचायत और पालिका चुनाव का बिगुल बज चुका है, चुनाव मैदान में उतरने वालों ने अपना मन बना लिया है पार्षदों की लॉटरी खुलने के बाद ही नाम खुलकर सामने आ जाएंगे लेकिन इस बीच पार्टी के कार्यक्रम में रौनक और उत्साह बढ़ गया है, भाजपा की तिरंगा रैली आशा से अधिक सफल हो गई है वहीं कांग्रेस में भी धरने प्रदर्शन में भीड़ बढ़ गई है दोनों पार्टियों के दफ्तर में भी रौनक पहले से ज्यादा है हो गई है।

### यू सी सी पर मोहर।

राज्य मंत्रिमंडल ने राज्य में यू सी सी कानून इसी सत्र में लाने का फैसला कर लिया है इस बहुचर्चित कानून से सत्ता और विपक्ष में विधानसभा सत्र के दौरान टकराव भी होगा वहीं सरकार आक्रामक मूड में भी दिखेगी। बहु विवाह प्रथा पर लगाम के चलते कई सामाजिक संगठन खिलाफत भी कर सकते हैं वहीं पारिवारिक संपत्ति में पुत्र पुत्री के बराबर हक से कई परिवारों में संपत्ति को लेकर टकराव भी हो जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं।
























## पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर सामान्य महिला आरक्षण ने बढ़ाई सियासी धड़कनें,

**गंगापुर ( हुक्मनामा समाचार )।** गंगापुर नगरपालिका अध्यक्ष पद सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित होते ही शहर की सियासत में अचानक हलचल तेज हो गई है। पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसे लेकर गली-मोहल्लों से लेकर राजनीतिक चौपालों तक संभावित दावेदारों के नामों पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। महिला आरक्षण ने कई राजनीतिक परिवारों और दावेदारों की रणनीति को नए सिरे से सक्रिय कर दिया है। हालांकि पालिकाध्यक्ष की कुर्सी की असली तस्वीर 17 अगस्त को होने वाली गंगापुर नगरपालिका के 25 वार्डों की आरक्षण लॉटरी के बाद ही साफ होगी। वार्डों का आरक्षण यह तय करेगा कि संभावित महिला दावेदारों में से किसकी राजनीतिक जमीन मजबूत है और किसके लिए अध्यक्ष पद तक पहुंचने की राह आसान अथवा मुश्किल होगी। ऐसे में लॉटरी को लेकर राजनीतिक गलियारों में जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई है। अध्यक्ष पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि 25 वार्डों में कौन-कौन से वार्ड महिला सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होते हैं। संभावित दावेदारों और उनके राजनीतिक समर्थकों की नजर लॉटरी के नतीजों पर टिकी हुई है। जिस वार्ड से मजबूत महिला चेहरा मैदान में उतर सकेगा, उसकी दावेदारी को स्वाभाविक रूप से अधिक मजबूती मिलने की चर्चाएं हैं। गंगापुर में नगरपालिका चुनाव को लेकर पहले से ही राजनीतिक सरगर्मियां बनी हुई हैं। अब अध्यक्ष पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के बाद राजनीतिक दलों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर प्रभाव रखने वाले नेताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। संभावित दावेदारों के बीच कौन किस खेमे के करीब है, किसके पास पार्षदों का समर्थन जुटाने की क्षमता है और कौन चुनाव के बाद अध्यक्ष पद के लिए मजबूत समीकरण बना सकता है, इन सभी मुद्दों पर चर्चाएं तेज हैं। राजनीतिक जानकारों की नजर अब केवल उम्मीदवारों पर नहीं, बल्कि वार्ड आरक्षण के बाद बनने वाले पूरे चुनावी गणित पर है। 25 वार्डों की लॉटरी के बाद कई दावेदारों के चेहरे खिल सकते हैं तो कई के अरमानों पर पानी फिर सकता है। फिलहाल गंगापुर की राजनीतिक चौपालों पर एक ही सवाल सबसे ज्यादा चर्चा में है कि 17 अगस्त की लॉटरी किसके लिए लेकर आएगी खुशियों की सौगात और किसके लिए साबित होगी सियासी झटका? वार्ड आरक्षण की तस्वीर साफ होते ही संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता और बढ़ने के आसार हैं।

## जैन सोशल ग्रुप के रक्तदान शिविर हुआ 31 यूनिट रक्तदान



**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** जैन सोशल ग्रुप बूंदी द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन राजकीय चिकित्सालय बूंदी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 31 यूनिट रक्तदान हुआ । कार्यक्रम संयोजक सुनील- एकता पापड़ीवाल,मनीष-अनीता शाह एवं सुनील-निधि छाबड़ा ने बताया कि हर्ष वर्ष अगस्त के दूसरे सप्ताह में जैन सोशल ग्रुप द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जाता है जिसमें बूंदी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक डोगरा एवं पीएमओ डॉक्टर गोविंद गुप्ता रहे एवं विशिष्ट अतिथि दिगंबर जैन खंडेलवाल सरावगी समाज के अध्यक्ष संतोष पाटनी रहे। पूर्व विधायक अशोक डोगरा एवं डॉक्टर गोविंद गुप्ता ने ब्लड बैंक में हो रहे खून की कमी के अवसर पर जेएसजी ग्रुप द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की प्रशंसा की। जैन सोशल ग्रुप के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेंद्र संगीता छाबड़ा एवं सदस्य निशांत-निकिता पाटौदी ने सह दंपति रक्तदान किया। लोकेश जैन एवं सम्यक जैन पिता पुत्र द्वारा रक्तदान करके सराहनीय कार्य किया सचिव दीक्षिता रॉबिन जैन द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया एवं सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह भी दिए गए। और अंत में ब्लड बैंक कि पूरे स्टाफ का सम्मान किया गया और सभी को धन्यवाद दिया गया।

## जी हॉस्पिटल में विशाल नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न




**कोटा ( हुक्मनामा समाचार )।** हाड़ौती के प्रमुख मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल जी हॉस्पिटल, रोड नं. 5, गोबरिया बावड़ी में 16 अगस्त को आयोजित विशाल नि:शुल्क हृदय रोग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में हाड़ौती क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विशेषज्ञ कार्डियोलॉजी परामर्श एवं विभिन्न नि:शुल्क जांच सुविधाओं का लाभ लिया। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश जिंदल, डॉ. निशांत सक्सेना एवं डॉ. रचित सक्सेना ने मरीजों की जांच कर उन्हें हृदय रोगों की रोकथाम, समय पर पहचान, नियमित उपचार एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में महत्वपूर्ण परामर्श दिया। शिविर के दौरान मरीजों को नि:शुल्क कार्डियोलॉजी परामर्श, ब्लड शुगर, ॥ढ्ढ1ष्, लिपिड प्रोफाइल एवं कोलेस्ट्रॉल तथा थायरॉइड की नि:शुल्क जांच की सुविधा प्रदान की गई। इसके साथ ही सभी कार्डियक जांचों पर 20 प्रतिशत की विशेष छूट भी उपलब्ध कराई गई। जी कार्डियक टीम ने बताया कि वर्तमान समय में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, तनाव, धूम्रपान एवं अनियमित जीवनशैली हृदय रोगों के प्रमुख जोखिम कारक हैं।

## मदरसा गरीब नवाज में गूंजे देशभक्ति के तराने, धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**कुचेरा ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के मदरसा गरीब नवाज में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मदरसा परिसर को सजावटी गुब्बारों और फूलों से तिरंगे के तीन रंगों में आकर्षक रूप से सजाया गया। पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। समारोह की शुरुआत मदरसा अध्यक्ष न्याज़ खान द्वारा राष्ट्रध्वज फहराने के साथ हुई। ध्वजारोहण के बाद विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। इस दौरान विद्यार्थियों में देश के प्रति सम्मान और गौरव का भाव दिखाई दिया। कार्यक्रम में मदरसे के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की एकता, अखंडता, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधान अध्यापक मोहम्मद हुसैन धोबी ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से देश की तरक्की में योगदान देने और आपसी भाईचारे व एकता की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर हाजी रफीक सिलावट, हाजी मांगीलाल लोहार, समसूदीन, हाजी हुसैन खां फौजी सहित कई गणमान्य नागरिक, मदरसा स्टाफ, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरा मदरसा परिसर देशभक्ति के उत्साह से सराबोर रहा।

# आंतरिक स्वतंत्रता और ब्रह्मज्ञान के संदेश संग मुक्ति पर्व का भव्य आयोजन

## मन के बंधनों से आजादी ही वास्तविक मुक्ती : सुदीक्षा महाराज




**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** संपूर्ण भारतवर्ष जहाँ स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रभक्ति, गौरव और उल्लास के साथ मना रहा था, वहीं संत निरंकारी मिशन ने इस ऐतिहासिक अवसर पर ब्रह्मज्ञान द्वारा प्रदत्त आंतरिक स्वतंत्रता के दिव्य संदेश को भी जन-जन तक पहुँचाया। यह पर्व इस सत्य को साकार करता है कि वास्तविक मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि अज्ञान, अहंकार और भेदभाव से मुक्त होकर आत्मबोध एवं परमात्मबोध की अनुभूति में निहित है। मुक्ति पर्व का यह पावन अवसर संपूर्ण विश्व में उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। विदेशों की विस्तृत कल्याणकारी प्रचार यात्रा के सफल आयोजन से विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालु भक्त भाव-विभोर हो उठे।

बाबा हरदेव सिंह मार्ग स्थित सत्संग भवन परआयोजन में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के? इस संदेश सच्ची मुक्ति बाहरी बंधनों से नहीं, बल्कि नफरत, अहंकार, छोटी सोच और पूर्वाग्रहों से मुक्त होने में है। हर सांस में निराकार का एहसास रखते हुए प्रेम, भक्ति और स्वीकार्यता से जीना ही जीते-जी मुक्ति है। महात्मा किशन चंद ने कहा परिस्थितियां कैसी भी हों, भीतर की शांति, प्रेम और सकारात्मकता की रोशनी सदैव कायम रखें। संतों की शिक्षाओं को केवल सुनना नहीं, बल्कि विचार, कर्म और जीवन में उतारना ही वास्तविक साधना और मुक्ति का मार्ग है। इस पावन अवसर पर श्रद्धालु भक्तों ने उन महान संत विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए, जिनके त्याग एवं समर्पण ने मानवता को मुक्तिमार्ग की ओर अग्रसर किया। साथ ही विश्वभर में मिशन की विभिन्न शाखाओं में भी 'मुक्ति पर्व' के अवसर पर विशेष सत्संग का आयोजन कर इन महान संत विभूतियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। महेश चांदवानी ने बताया' मुक्ति पर्व' का आरम्भ वर्ष 1964 में जगत माता बुद्धवंती जी की पावन स्मृति में हुआ। वर्ष 1969 में शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी के ब्रह्मलीन होने के उपरांत यह दिवस 'शहनशाह-जगतमाता दिवस' के रूप में श्रद्धापूर्वक आयोजित किया जाने लगा। वर्ष 1979 में संत निरंकारी मंडल के प्रथम प्रधान संत लाभ सिंह जी की स्मृति को भी इस दिवस से जोड़ते हुए बाबा गुरबचन सिंह जी ने इसे 'मुक्ति पर्व' के रूप में स्थापित किया। इस अवसर पर निरंकारी राजमाता जी के भक्तिमय जीवन तथा उनके द्वारा दी गई अनमोल सिखलाईयों का भी जिक्र किया।

ADVT.

## छोटीखाटू मे स्वतंत्रता दिवस मनाया



छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)। तहसील के निर्भय स्टेडियम मे सामूहिक 80 वॉ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें अथिति नगर पालिका चौयर मैन रणवीरसिंह राठौड़, उप चौयर मैन निर्भयराम गहलोत, पूर्व सरपंच कल्याण सिंह, पूर्व सरपंच गजराज बेताला, पूर्व सरपंच मेघाराम दन्तुलिया, भाजपा मण्डल लक्ष्मण सिंह राठौड़, पूर्व उप सरपंच ताराचंद धारीवाल, सुरेश भाटी, कांग्रेस ओबीसी जिलाध्यक्ष तिलोकचंद मारोठिया, डॉ राजेश बलारा, भंवर सिंह कोनियाड़ा, डॉ हेमराज बागड़ी, रवि धारीवाल का प्रधानाचार्य सुखवीर डूडी प्रधानाचार्य भगवतीप्रसाद नांगलिया, प्रधनाचार्या डॉ लेखा चौधरी, एंव विधालय स्टाफ् ने माला पहनाकर स्वागत किया। अतिथियों द्वारा झण्डा रोहण कर किया गया व राष्ट्रगान के साथ किया और पी टी आई रामनिवास बैन्दा व जितेंद्र सिंह ने व्याम प्रदसन करवाया। नगरपालिका द्वारा बोर्ड परीक्षा सतर 2025 - 26 मे कक्षा 12 वी विज्ञान वर्ग, कला वर्ग, वणीज्य वर्ग, कृषि विज्ञान वर्ग और कक्षा 10वीं रहने विधार्थी को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, वही पूर्व सरपंच चेनसुख शारदा की स्मृति मे उनके परिवारजनों दवारा कक्षा 10 वी मे सेंटर टॉपर प्रीस्टार पब्लिक स्कूल की विधार्थी पलक अटल को 11 हजार का नगद पुरस्कार देकर समानित किया। वही भामाशाह डॉ राजेश बलारा, डॉ दिलीप चौधरी, ताराचंन्द धरीवाल, मोहम्मद शरीफ, लक्ष्मण सिंह, गौतमचंद धारीवाल द्वारा भी बोर्ड परीक्षा टॉपर विद्यार्थियों सम्मानित किया गया। निजी विधालयो ने अपने अपने प्रगंण स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहन किया। इस अवसर पर वाईस प्राचार्य लियाकत अली शेरानी का 30 दिसम्बर 2026 को सेवानिवृति होने से पूर्व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सुगनाराम, धनपत चौधरी द्वारा विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी करवाई। मंच संचालन लियाकत अली शेरानी, भंवरलाल चोयल, अनिल टेलर ने किया। इस अवसर पर भोमाराम सियाग, श्याम सुन्दर पारीक, मुलचन्द जादम, धाराराम खिलेरी, सुशीला, बबिता चौधरी, विनोद रोज, सुनिता चौधरी, महेंद्र रिनवा, मधुसुदन चारण, सुनिता चौधरी, अनुप्रिया सैनी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग के सहायक लेखाधिकारी खेमराज गुप्ता को जयपुर में मिला सम्मान

**भवानी मंडी ( हुक्मनामा समाचार )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड भवानीमंडी के अस्सिटेंट अकाउंट्स ऑफिसर खेमराज गुप्ता को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर डिस्कॉम स्तर पर जयपुर में सम्मानित किया गया। मेड़तवाल समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि ओल्ड पावर हाउस, बनी पार्क, जयपुर में आयोजित जेवीवीएनएल के स्वतंत्रता दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सहायक अभियंता कार्यालय भवानीमंडी के सहायक लेखाधिकारी खेमराज गुप्ता को जयपुर विद्युत वितरण निगम की चेयरमैन आरती डोगरा (ढ्ढस्) के द्वारा लेखा संवर्ग में उत्कृष्ट कार्यो के लिए जयपुर डिस्कॉम स्तर पर सम्मानित किया गया।

ADVT.

ADVT.

# स्वाधीनता संग्राम में संघ की भूमिका के अकाट्य तथ्य : मुरलीधर

कोटा (हुक्मनामा समाचार)। स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगाठ पर भारतीय जनकल्याण समिति, कोटा द्वारा सूरज भवन, बल्लभबाड़ी में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विभाग संघचालक पन्नालाल शर्मा ने की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, चितौड़ प्रांत के प्रान्त प्रचारक मुरलीधर ने कहा कि भारतीय इतिहास को धूमिल करने के प्रयास अब और नहीं टिकेंगे। उन्होंने स्वाधीनता संग्राम में संघ की भूमिका के अकाट्य प्रमाण प्रस्तुत किये। मुख्य वक्ता मुरलीधर ने स्पष्ट किया कि भारत की आजादी बिना खड़्ग-बिना ढाल से नहीं बल्कि क्रांतिकारियों के बलिदान और जनजन के संघर्षों का परिणाम है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक के संस्थापक केशवराव हेडगेवार एवं तत्कालीन स्वयंसेवकों की टोली ने अपना सक्रिय योगदान दिया। जो विरोधी संघ पर आरोप लगाते हैं उनको 'संघ और स्वतंत्रता आंदोलन' नामक पुस्तक पढ़नी चाहिए। डॉ हेडगेवार ने 8 वर्ष की उम्र में ही रानी विक्टोरिया के राज्यारोहण की हीरक जयंती पर मिठाई को सबके सामने कूड़ेदान में फेंककर विदेशी दासता का प्रतिकार किया था। वे अपने शेष जीवन में स्वाधीनता संग्राम से दूर रहे ऐसा कैसे हो सकता है। 1907 में नीलसिटी हाई स्कूल से उनको इसलिए निष्कासित किया गया कि उन्होंने पिछले रिस्ले सर्कुलर के विरोध में पूरे स्कूल को वन्देमातरम् और भारत माता की जय से गूंजायमान कर दिया। कलकत्ता में क्रांतिकारियों की अनुशीलन समिति में उनकी सक्रिय भूमिका रही जहाँ उन्हें 'कोकेन' छद्म नाम दिया गया। डॉ हेडगेवार ने पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव का रखा उन्होंने बताया कि 1920 में कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में संयुक्त सचिव के पद का निर्वहन करते हुए पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित करने को सर्वप्रथम आग्रह डॉ. हेडगेवार ने किया जिसे कांग्रेस के दूसरे नेताओं ने पारित नहीं किया, और यही प्रस्ताव कांग्रेस ने 1929 के लाहौर अधिवेशन में पारित किया। 1925 में क्रांतिकारी राजगुरु ने डॉ. हेडगेवार को पुणे नहीं आगे की सलाह दी। राजगुरु को पुणे आने पर गिरफ्तार किया गया और अंतत: उन्हें फांसी दे दी गई।

डॉ. हेडगेवार के स्वाधीनता संघर्ष में सक्रिय रहने का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है कि 1930 में 11 माह की जेल काटकर रिहा होते समय मोतीलाल नेहरू, हाकिम अजमल खां और राजगोपालाचार्य जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जेल के बाहर उनको लेने आये। आजादी के लिये शहीद हुये कई स्वयंसेवक 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में 7 लोग गोली से शहीद हुए, उसमें से 2 लोग सक्रिय स्वयंसेवक थे। हेमू कालानी संघ के स्वयंसेवक थे जिनको 1943 में मौत की सजा दी गयी। 1947 में एक शाखा प्रमुख दादानाई को मौत की सजा मिली। एक शाखा प्रमुख रामदास की हत्या पुलिस की गोली से हुई।

आंदोलनरत स्वयंसेवक बालाजी रामदास को अंग्रेज पुलिस ने गोली मारी। मुरलीधर ने कहा कि विभाजन के समय हिंदुओं को पाकिस्तान से बचाकर भारत लाने की आंखों देखी बातें आज भी कोटा में वयोवृद्ध स्वयंसेवक लद्दाराम से सुनी जा सकती हैं। भारत विभाजन में हिंदुओं पर जो भीषण अत्याचार हुए उन्हें नई पीढ़ी से नहीं छिपाया जा सकता। देश की जनता ने स्वतंत्रता का क्या मूल्य चुकाया इस पर व्यापक चर्चा की आवश्यकता है।

ADVT.

ADVT.

ADVT.

ADVT.

## पचपहाड में भगवान शिव की भव्य शाही सवारी धूमधाम से निकाली गई



**भवानीमंडी (हुक्मनामा समाचार)।** पचपहाड़ कस्बे मै पिपलाद नदी के तट पर स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर शिवालय से भव्य शाही सवारी बड़े धूमधाम से निकाली गयी. शाही सवारी दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होकर ढ़ोल धमाके डीजे बेंड तासे डमरू के साथ सवारी शिवालय से शीतला माता मार्ग, कुम्हार मोहल्ला, खारी कुइया, तहसील मार्ग, भेसोदा दरवाजा, गणेश चौक, राम मंदिर के यहाँ हरिहर मिलन हुआ पुन: शिवालय पहुंच कर महाआरती के पश्चात महाप्रशादी का वितरण किया गया शाही सवारी मै शिव अघोरी टीम उज्जैन से, शिवपार्वती, बड़े नंदीजी, राधेकृष्णा, सजी धजी बगियों मै एवं काली माता, नंदी जी नृत्य एवं अन्य झाकिया प्रस्तुत रही पुजारी दीपक जोशी ने बताया की प्रतिवर्ष सावन मास मै तीसरे रविवार को पचपहाड़ नगर मै शाही सवारी निकाली जाती है रविवार के दिन स्कूली बच्चों, सरकारी कार्यालयों के अवकाश को देखते हुए यह परम्परा शुरू की गयी शाही सवारी दोपहर 1 बजे महाआरती के पश्चात् शुरू हुई जिसमे डॉ जे. के. अरोड़ा, राजेश नाहर, प्रदीप जैन, गिरीश सोमानी, सुरेश जैन, सुनिश दीक्षित, एवं शिवालय मंदिर के शाही सवारी कार्यकर्त्ता पंडित लक्ष्मीनारायण जी, बने सिंह गुजर ( वीर गुजर समाज अध्यक्ष ),शिवालय पुजारी दीपक जोशी,राहूल भटनागर, रवि बना, चेतन जोशी, हरिओम व्यास, रितिक लक्शकार, रितिक जैन, नीरज बाथरा, धनराज सिह, शुभम बैरागी, कमलेश गुजर, स्वतंत्र पांडे, व अन्य नगर वासी सभी भक्त जन सम्मिलित रहे

## वन स्टेट, वन इलेक्शन' लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा राजस्थान: मंत्री अविनाश गहलोत



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने निकाय एवं पंचायती राज चुनावों तथा 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' को लेकर बड़ा बयान दिया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग आगामी चुनावों के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं।मंत्री गहलोत ने दावा किया कि 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की अवधारणा को लागू करने वाला राजस्थान पूरे देश में पहला राज्य बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की यह लंबे समय से मांग थी कि राज्य में अलग-अलग समय चुनाव होने के बजाय एक ही समय में स्थानीय निकाय और पंचायती राज चुनाव कराए जाएं, जो सपना अब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में साकार हो रहा है।मंत्री ने कहा चाहे जिला परिषद हो, सरपंचों के चुनाव हों, या निकाय प्रमुखों के; चुनाव आयोग और राज्य सरकार पूरी तरह तैयार हैं। राजस्थान 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' को धरातल पर उतारने वाला पहला प्रदेश बनेगा।मंत्री ने स्पष्ट किया कि पिछड़ा वर्ग आयोग के माध्यम से आरक्षण की जो व्यवस्था तय की गई थी, उसे लागू कर दिया गया है और उसी आधार पर चुनाव कराए जा रहे हैं। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले कुछ ही दिनों में चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी।सरकार के प्रदर्शन पर बात करते हुए मंत्री गहलोत ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जो विकास कार्य हुए हैं, उनके आधार पर सत्ता और संगठन मिलकर चुनाव में उतरेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भारतीय जनता पार्टी निकाय प्रमुख, जिला प्रमुख और पंचायत प्रमुख के पदों पर ऐतिहासिक प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी।

## पुलिस का नशे पर बड़ा प्रहार, 37.675 किलो डोडा पोस्त के साथ आरोपी गिरफ्तार




**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** ऑपरेशन नशा मुक्त नागौर के तहत कुचेरा पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 37.675 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया है। कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त आई-20 कार भी जब्त की गई। कुचेरा थानाधिकारी हबीब खान के नेतृत्व में पुलिस थाना कुचेरा और डीएसटी नागौर की संयुक्त टीम ने 15 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर बुटाटी क्षेत्र में नाकाबंदी/तलाशी की कार्रवाई की। इस दौरान रेण की ओर से बुटाटी आ रही आई-20 कार पुलिस को देखकर गांव की ओर जाने लगी। पुलिस टीम ने पीछा कर कार को रुकवाया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से 37.675 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी मनीष पुत्र सुभाष, जाति विश्नोई, उम्र 25 वर्ष, निवासी विष्णुनगर, राजोद, थाना कुचेरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने डोडा पोस्त के साथ आई-20 कार नंबर ऋछ्व 21 ष्टक्क1503 को भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े नेटवर्क को लेकर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर आशाराम चौधरी के निर्देश तथा वृताधिकारी मूंडवा धरम पुनियां के निकटतम सुपरविजन में की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

## क्षत्रिय युवक संघ की साप्ताहिक शाखा उत्साहपूर्वक संपन्न



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** निम्बाहेड़ा के मंडावली स्थित रावला परिसर में रविवार, 16 अगस्त 2026 को क्षत्रिय युवक संघ की साप्ताहिक शाखा उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। शाखा का शुभारंभ यज्ञ की आहुतियों, प्रार्थना एवं सहगान के साथ हुआ। इस दौरान बालू सिंह जगपुरा एवं नरेंद्र सिंह नरधारी ने क्षत्रिय युवक संघ के विचार, उद्देश्य एवं गतिविधियों का परिचय करवाया तथा आगामी शिविर की जानकारी दी। शाखा स्थल पर संघ से निरंतर जुड़ाव के लिए केसरिया पताकाएं एवं संघ साहित्य उपलब्ध करवाया गया। साथ ही मासिक पत्रिका 'संघशक्ति' एवं पाक्षिक पत्र 'पथप्रेरक' के लिए सदस्यों का पंजीयन किया गया। शाखा में मंडावली सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। मंडावली से धर्मेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, फ्तह सिंह, सूर्यभान सिंह, योगेंद्र सिंह, हर्षवर्धन सिंह, महेंद्र पाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, मणिराज सिंह, राजवर्धन सिंह, जयदीप सिंह, चंद्रभान सिंह, बनवीर सिंह एवं रुद्र प्रताप सिंह सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। मातृशक्ति में भानूप्रिया कंवर, मनोहर कंवर, दशरथ कंवर, नरेंद्र कंवर, सुशीला कंवर, ऋतुराज कंवर, तेज कंवर, कृष्णा कंवर, सिपरल कंवर, ललिता कंवर, टीना कंवर एवं सविता कंवर सहित अन्य उपस्थित रहीं।

# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रतिभाओ का गौरवमयी हुआ सम्मान



**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में मेधावी छात्र-छात्राओं , राजकीय व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालो का किया सामान , राजकीय सेवा में तेजा राम ,हरविंदर सिंह , पवन कुमार ,तुलसाराम , सुनीता, गुरप्रीत सिंह ,सुनील बिश्नोई , टीना, संतोष , सत्यनारायण प्रमोद कुमार कैलाश, रूपेंद्र सिंह , परविन्द्र सिंह , कविता मीणा , प्रमोद कुमार कनिष्ठ सहायक , गंगाराम , रामचंद्र, छिन्द्रपाल सिंह, मनप्रीत कौर ,सोना देवी, अजय कुमार ,राजेश कुमार , सीमा , मोहित बिश्नोई , संध्या सियाग , डॉ दिनेश कुमार सहारण ,अजय कुमार, पायल, श्योप्रकाश वर्मा ,रमेश कुमार , परमवीर राठौड़ , वीरेंद्र सिंह, संदीप बजाज , बृजमोहन शर्मा ,गीता कालड़ा, निमित्त कुमार , मनदीप सिंह , बोर्ड परीक्षाओं में निमित्त विश्नोई पुत्र अजय कुमार , पुलकित पुत्र सुरेश कुमार ,एकता वर्मा पुत्री दयालचंद , ईशा पुत्री राधेश्याम , सुनीता णुत्री गुरमेल ,नरेश पाल पुत्र गंगाराम ,जय वर्मा पुत्र प्रेम राम ,शिवानी पुत्री ओम प्रकाश , रोहित कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार ,निशा पुत्री विनोद कुमार , ममता पुत्री मोहनलाल,तमन्ना पुत्री आशीष तनेजा , जसप्रीत कौर पुत्री राजविंदर सिंह , दिव्या पुत्री खेसारी लाल , वंदना पुत्री कुलदीप कुमार , कर्मन गगनदीप सिंह , रिंकल पुत्री पवन कुमार , चेष्टा पुत्री अमर सिंह , हर्ष बगड़िया पुत्र पवन कुमार , मनीषा पुत्री समर सिंह., हैमांग छिपा पुत्र विजेंद्र छिपा , जश्नप्रीत पुत्र केवल सिंह , सिया पुत्री अजय कुमार , मीनाक्षी पुत्री ताराचंद जानवी पुत्री किशोर चंद , दिव्यांशा पुत्री संदीप कुमार , अंश पुत्र नरेश कुमार , प्रजजोत पुत्री कवरन जीत सिंह , मनराजन सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह , रतविंदर सिंह पुत्र अवतार सिह, हर्षविंदर सिंह पुत्र लाभ सिंह , अर्पण पुत्र जसकरण सिंह ,समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर श्रीराम कल्याण भूमि अध्यक्ष राकेश धीगड़ा , एवं माँ चिंतपूर्णी पैदल यात्री सेवा समिति अध्यक्ष बलदेव राज आहूजा , महाविद्यालय स्तर पर सम्मानित होने वाले , दिनेश कुमार पुत्र बनवारी लाल, रमेश कुमार पुत्र धर्मपाल , राष्ट्रीय स्तर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, विशाल पुत्र महावीर , देवकरण पुत्र पलाराम , विवेक पुत्र सुरेंद्रनाथ, रचना पुत्री शेराराम , राजस्थान राज्य स्काउट में राज्य स्तर पर सम्मानित , जगदीप शीला पुत्र महेंद्र पाल, बृजेश पत्र प्रेम प्रकाश ,माधव पुत्र राजाराम, सोनू पुत्र राजेंद्र कुमार, मोहित पुत्र शिव कुमार का हुआ सम्मान।

## खंडहर क्वार्टर में मिली युवक की लाश, इलाके में हड़कंप मचा

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के मुक्ता प्रसाद थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पुराने हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के आवासन मंडल के खंडहरनुमा क्वार्टर में एक युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर मुक्ता प्रसाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अजय मौर्य पुत्र राम लखन मौर्य, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी मुक्ता प्रसाद के रूप में हुई है। शव के पास कई नशीले पदार्थ भी पड़े नजर आए। ऐसे में पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और युवक की मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर खिदमतगार खादिम सोसाइटी और असहाय सेवा संस्थान से सोएंब भाई, मो. जुनैद, मो. सत्तार और राजकुमार खड़गावत एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। मुक्ता प्रसाद थाना पुलिस के हनुमानजी, संजय सहित टीम की जांच और निगरानी में शव को पीबीएम अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकीय मुआयना करवाने के बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक की पहचान मुक्ता प्रसाद निवासी 25 वर्षीय अजय मौर्य के रूप में हुई है।संभवत युवक की मौत नशे के ओवरडोज की वजह से हुई है।खिदमतगार खादिम सोसाइटी और असहाय सेवा संस्थान से सोएब भाई,मोहम्मद जुनैद,मोहम्मद सत्तार और राजकुमार खडग़ावत एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे।मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस के हनुमान और संजय सहित टीम की निगरानी में शव को पीबीएम अस्पताल ले जाया गया,जहां चिकित्सकीय मुआयना करवाने के बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया।पुलिस युवक की मौत के कारणों और घटना से जुड़े पहलुओं की जांच कर रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### करंट की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में देशनोक थाना क्षेत्र के लालमदेसर मगरा रोही में खेत में काम करते समय करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। ये हादसा 14 अगस्त की रात करीब दस बजे हुआ।मृतक के भाई लालमदेसर मगरा निवासी खियाराम जाट ने बताया कि उसका भाई सुखाराम खेत में बने टांकें की मोटर में करंट आने के कारण उसकी चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक को देशनोक सीएचसी ले जाया गया।

ADVT.

ADVT.

ADVT.

## एक नजर

### सिविल लाइंस पार्क में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

### नन्हे-मुन्ने बच्चों की देशभक्ति प्रस्तुतियों ने बांधा समां, प्रतिभागियों को दिए पुरस्कार

जयपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिविल लाइंस पार्क में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और देशभक्ति के जज्बे के साथ राष्ट्रीय पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। समारोह में सिविल लाइंस पार्क सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र खंडेलवाल एवं सचिव कौशल शर्मा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समिति पदाधिकारियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति, संस्कार और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करते हैं। समारोह का वातावरण पूरे समय उत्साह और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत रहा।

### जयपुर में 100 बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क क्लेफ्ट सर्जरी की सुविधा



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** क्रेडिटएक्सेस इंडिया फाउंडेशन और स्माइल ट्रेन ने जयपुर व आसपास के क्षेत्रों में क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट से जन्मे बच्चों के लिए नि:शुल्क सर्जरी उपलब्ध कराने को साझेदारी की है। सीएसआर पहल के तहत 100 बच्चों की सर्जरी में सहयोग किया जाएगा, जिनमें 50 सर्जरी स्माइल ट्रेन के सहयोगी एपेक्स हॉस्पिटल, जयपुर में होंगी। समय पर उपचार नहीं मिलने से बच्चों को खाने, बोलने, सांस लेने और सुनने में कठिनाई हो सकती है। साझेदारी का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक गुणवत्तापूर्ण उपचार पहुंचाना है। स्माइल ट्रेन के अनुसार राजस्थान में उसके नौ सहयोगी अस्पतालों के माध्यम से अब तक 44 हजार से अधिक नि:शुल्क क्लेफ्ट सर्जरी में सहयोग किया।

### सोनालीका इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स ग्रेटर नोएडा में बनाएगी ग्लोबल आर एण्ड डी सेंटर

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भारत से ट्रैक्टर निर्यात में नंबर-1 ब्रांड सोनालीका इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में 25 एकड़ में अपना नया ग्लोबल रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आर एण्ड डी) सेंटर स्थापित करेगी। यह फैसला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कंपनी प्रबंधन के बीच हुई बैठक के बाद लिया गया। प्रस्तावित ग्रीनफील्ड सेंटर को उन्नत इंजीनियरिंग और किसान-केंद्रित इनोवेशन के वैश्विक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां भारतीय और वैश्विक बाजारों की जरूरतों के अनुरूप कृषि तकनीक एवं समाधान विकसित किए जाएंगे। कंपनी के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा, 'यह सुविधा कृषि इनोवेशन के अगले दौर को आकार देने की दिशा में अहम कदम है। हमारा लक्ष्य किसानों को सशक्त बनाने वाली वैश्विक स्तर की तकनीक विकसित करना है।'

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की मजबूत तिमाही वृद्धि

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में लिस्टिंग के बाद सबसे मजबूत तिमाही प्रदर्शन दर्ज किया। कंपनी का राजस्व 15.5 प्रतिशत बढ़कर 7,233 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 27.2 प्रतिशत बढ़कर 653 करोड़ रुपये पहुंच गया। एबिटा 26.2 प्रतिशत बढ़कर 904 करोड़ रुपये रहा, जबकि एबिटा मार्जिन 12.5 प्रतिशत रहा। टीवी, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और वॉशिंग मशीन सहित प्रमुख श्रेणियों में वृद्धि हुई। प्रबंध निदेशक हाँग जू जियोंन ने कहा कि प्रीमियम, तकनीक-संचालित और ऊर्जा-कुशल उत्पादों की मांग बढ़ रही है।

### आईटेल ने लॉन्च की वॉशिंग मशीन और टीवी की नई रेंज

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड आईटेल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वॉशिंग मशीन और टीवी की नई रेंज लॉन्च कर अपने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी का उद्देश्य आधुनिक तकनीक को किफायती कीमतों पर भारतीय परिवारों तक पहुंचाना है। नए टीवी पोर्टफोलियो के साथ स्मार्ट टीवी सेगमेंट में भी कंपनी ने विस्तार किया है। आईटेल इंडिया के सीईओ अरिजीत तलापात्रा ने कहा कि किफायती कीमत ग्राहकों को आकर्षित करती है, जबकि भरोसेमंद प्रदर्शन विश्वास कायम करता है। कंपनी ने 1,000 से अधिक सर्विस सेंटर के जरिए ग्राहकों को बेहतर आफ्टर-सेल्स सेवा देने की प्रतिबद्धता जताई।

### होटलबनाहवेली एक्स पर ट्रेंड, रिसॉर्ट भूमि विवाद पर चर्चा तेज

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** सोशल मीडिया मंच एक्स पर #होटलबनाहवेली हैशटैग ट्रेंड होने से जयपुर के एक रिसॉर्ट से जुड़े भूमि उपयोग विवाद और जेडीए अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश पर चर्चा तेज हो गई। विवाद में 2005 में कृषि भूमि के आवासीय उपयोग में परिवर्तन का दावा किया गया है, जबकि जेडीए की कार्रवाई कथित व्यावसायिक गतिविधियों और निर्माण उल्लंघनों को लेकर है। न्यायाधिकरण ने स्थल निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने भूमि उपयोग, स्वीकृत नक्शों और निर्माण अनुमतियों से जुड़े सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग की है।

### स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल भिड़ंत, दो बच्चों की मौत

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के गजनेर थाना इलाके में स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल भिड़ंत में दो बच्चों की मौत की मौत हो गई है।जबकि एक जना घायल हो गया है।जानकारी मिली है कि हादसा भोलासर गांव के पास हुआ।गजनेर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है।दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।घायल व्यक्ति को तुरंत बीकानेर के पीबीएम ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया,जहां उसका इलाज जारी है। मृतक बच्चे और घायल व्यक्ति हनुमानगढ़ क्षेत्र के बावरी समाज से संबंधित बताए जा रहे हैं।पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया।टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# हुक्मनामा समाचार

www.hukmnamasamachar.com

hukmnama.jodhpur@gmail.com

जोधपुर, सोमवार 17 अगस्त, 2026




## जाकिर हुसैन में हर्षोल्लास से मनाया 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** डीटीओ ऑफिस के पास स्थित डॉ. जाकिर हुसैन सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में 80 वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अहसान गौरी थे। वहीं पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी असगर जोईया, डॉ. प्रदीप पूनिया, करामत अली, अकबर खान राणासर, आसिफ खां एलमाण व उमरान खान आदि विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. मुमताज अली कुरैशी, सचिव डॉ. एम.एम. शेख, निदेशक जनाब सलामुद्दीन खान, कोषाध्यक्ष रशीद खां, हाजी फजले हक, नूर मोहम्मद खान, यूसुफ अली चौहान व असगर अली चौहान सहित अनेक पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह में विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में समां बांधा। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता व स्वतंत्रता के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आवेश कुरैशी, शिक्षक अधीन रहमान खान, राजपुरा, देवेन्द्र सिंह, रमीज, सुमेर, योगिता, नाहिद, रफीक व मुस्कान सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इदरीश खत्री राज ने किया।

## गीता क्लासेज चूरू जैसा कार्यक्रम पूरे देश में चलना चाहिए-बृजेश महाराज



**चूरू ( हुक्मनामा समाचार )।** सर्राफ फाउंडेशन की ओर से भास्कर भवन में संचालित गीता क्लासेज में रविवार को वृंदावन के संत बृजेश महाराज ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान संजय सिंघानिया, जनार्दन आचार्य, हर्षित सोनी सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर बृजेश महाराज ने गीता क्लासेज की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि चूरू जैसी गीता क्लासेज पूरे देश में चलनी चाहिए, ताकि बच्चों को भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में माता-पिता बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते, ऐसे में इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुरली सर्राफ से संवाद करते हुए बृजेश महाराज ने कहा कि वे सर्राफ फाउंडेशन का इस अभियान का देशभर में प्रचार-प्रसार करेंगे तथा अन्य स्थानों पर भी गीता क्लासेज शुरू करवाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में हरिकिशन भेड़ा ने राम मंदिर में होने वाले यज्ञ के लिए गीता क्लासेज चूरू के सदस्यों को निमंत्रण दिया। वहीं ब्रह्माकुमारी संस्था से सुमन बहिन, शारदा बहिन और अर्चना ने बच्चों को नशामुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि मुरली सर्राफ के निर्देशानुसार देश के किसी भी क्षेत्र से लोग गीता क्लासेज शुरू करने के लिए आगे आयें, तो सर्राफ फाउंडेशन उनके सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। इस अवसर पर पांच श्लोक, पंचामृत, गजल-गीत, हनुमान चालीसा व सामूहिक संकीर्तन हुआ। यशवर्धन सोनी व हर्षवर्धन सोनी का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में मोहित सिंघानिया, दिव्या भाटी, खुशी सैनी, दिव्या शर्मा, रेनू बजाज, माधुरी शर्मा, ममता, विजयलक्ष्मी शर्मा सहित सभी कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## स्वाधीनता दिवस पर हुआ पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार संघ के मध्य क्रिकेट मैच

### जिला पुलिस अधीक्षक रहे मैन ऑफद मैच



**डीग ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस प्रशासन व पत्रकार संघ की तरफ से क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। जिसमें पुलिस प्रशासन की टीम विजय रही। जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ मैन ऑफद मैच रहे। जिला पुलिस अधीक्षक मैदान में पहुंचे और क्रिकेट की पिच पर बगा थामकर बगेबाजी करते नजर आए। पुलिस अधीक्षक को मैदान पर क्रिकेट खेलते देख वहां मौजूद लोगों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ ने मैदान पर बगेबाजी करते हुए क्रिकेट के लम्बे शॉट लगाए। पुलिस अधीक्षक को क्रिकेट खेलते देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। लोगों ने उनके इस सहज और खेलप्रेमी अंदाज को खूब पसंद किया। शहरवासियों का कहना है कि जिला पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ के डीग में कार्यभार संभालने के बाद पुलिस और आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास का माहौल मजबूत हुआ है।

## रोजगार उत्सव में नवनियुक्त कार्मिकों में वितरित की किट



**श्रीगंगानगर ( हुक्मनामा समाचार )।** रोजगार उत्सव का आयोजन रविवार को स्थानीय एसडी बिहाणी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट विजय नगर ग्राउंड, अलवर से किया गया, जहां माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव आयोजित हुआ। जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर पर आयोजित कार्यक्रम में 196 नवनियुक्त कार्मिकों में किट वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान रोजगार एवं नियुक्ति से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। रोजगार उत्सव में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर सुभाष कुमार, श्री मधुसूदन बिहाणी, आशुतोष गुप्ता, रतनलाल गणेशगढिया, प्रियंका बेलान, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, पीएमओ सुखपाल सिंह, अरविन्द्र सिंह, प्रीति गर्ग, शर्मिला, सुरेन्द्र पूनिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं ने स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण



भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)। 80वें स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं ने अपने अपने प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण किया। लोहागढ प्रेस क्लब भवन प्रेस क्लब अध्यक्ष उमेश लवानियां द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। इस मौके पर महेन्द्र सिंह सिकरवार, रामचरण धाकड, मुरारी लाल, मुकेश कुमार, अनिल चौधरी, भारत शर्मा, रवि वर्मा, आशीष वर्मा आदि पत्रकार उपस्थित रहे। इसी प्रकार पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोगास देशभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह के दौरान मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया। अपने संबोधन में मंडल प्रमुख ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहींए बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का भी स्मरण कराती है।

इसी प्रकार आर्य उप प्रतिनिधि समिति द्वारा महर्षि दयानंद वैदिक साधु आश्रम जघीना गेट पर 80वां स्वतंत्रता दिवस समिति के प्रधान राजन सिंह सोलंकी, संरक्षक सत्यदेव आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष मानसिंह आर्य, कपूर आर्य, ओ.पी. भटनागर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी प्रकार सनातन धर्म उच्च माध्यमिक विद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना कर माल्यार्पण व दीप प्र%जवलन किया गया। ध्वजारोहण क्लब अध्यक्ष लायन हरीशंकर गोयल व लायन पी.आर. जिंदल द्वारा कराया गया। इसी प्रकार अखिल भारतीय बाल्मीकि समाज विकास परिषद के तत्वावधान में जिला कार्यालय दीनदयाल नगर भरतपुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धनेश कुमार जादों के मुख्य आतिथ्य में ध्वजारोहण कर मनाया गया। इसी प्रकार भगत सिंह मॉडर्न माध्यमिक विद्यालय में 80 वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के साथ की गई। इसके बाद गौरांश फौजदार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी प्रकार ब्रजवाला फ उंडेशन और ब्रजवाला ग्रुप ऑफ कंपनी के संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता अजय चतुर्वेदी ने पतंजलि योग सीनियर सिटीजन ग्रुप टीम गणेश पार्क वाणी प्रदुषणमुक्ति संस्थान और अपनी टीम बृजवाला के साथ बड़ी धूम धाम से स्वतंत्रता दिवस मनाकर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएंए दी। इसी प्रकार समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता के निर्देशन में संस्था के प्रधान कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस हर्षोगास गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इसी प्रकार भारत विकास परिषद् शाखा द्वारा आदर्श विद्या मंदिर रंजीत नगर में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इसी प्रकार 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार जवाहर नगर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री के पिता किशन स्वरुप शर्मा ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात भरतपुर वासियों एवं समस्त राजस्थान प्रदेश वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारा राजस्थान अग्रणी राजस्थान की ओर अग्रसर हो रहा है।

ADVT.

## राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, जिला बीकानेर की बैठक संपन्न

### कार्य बहिष्कार व जिला परिषद के घेराव की चेतावनी

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** रविवार को राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ, जिला बीकानेर की जिला कार्यकारिणी की एक अहम बैठक किड्स कनेक्ट स्कूल (डूडी पेट्रोल पंप के सामने, जैसलमेर रोड, बीकानेर) में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामनिवास भादू ने की। बैठक में जिला मंत्री रामनिवास सारण ने बैठक की कार्यवाही लिखकर उसका अनुमोदन करवाया तथा विगत 8 अगस्त 2026 को हुई प्रदेश प्रतिनिधि सभा की बैठक के संदर्भ में जानकारी देते हुए पुरजोर आग्रह किया कि प्रदेश कार्यकारिणी का प्रत्येक निर्देश और संदेश अंतिम ग्राम विकास अधिकारी तक पहुंचे और उसकी अक्षरश: पालना सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, संघ द्वारा नवीन मांग पत्र को पढ़कर उपस्थित सभी साथियों को सुनाया गया।

**जिला कोषाध्यक्ष का प्रतिवेदन:** जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिसोदिया ने बैठक में विभिन्न ब्लॉकों के बकाया वार्षिक अंशदान और प्रांतीय भवन निर्माण की बकाया राशि के संबंध में सभी ब्लॉकों को विस्तार से अवगत कराते हुए शीघ्र राशि जमा करवाने का आग्रह किया। उपस्थित पदाधिकारी: आज की बैठक में खाजूवाला ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार, खाजूवाला जिला प्रतिनिधि चंद्रकांत, जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिसोदिया, जिला संयुक्त मंत्री रामचंद्र मेघवाल, कोलायत ब्लॉक मंत्री शिवानी, बीकानेर पंचायत समिति ब्लॉक अध्यक्ष विजयपाल जांगू, बीकानेर ब्लॉक मंत्री रोहित दावा, पांचू ब्लॉक मंत्री रविंद्र सिंह, लूणकरणसर ब्लॉक मंत्री राकेश बिश्नोई, बीकानेर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण प्रजापत, पूगल से सक्रिय सदस्य सुरेंद्र कुमार मेहरड़ा सहित जिला कार्यकारिणी और सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, मंत्री व कई अन्य साथी उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य रूप से निम्न मुद्दों पर हुई चर्चा: स्वच्छ भारत मिशन व जेजेएम: स्वच्छ भारत मिशन में नियमित साफ-सफाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई व जेजेएम योजना के बहिष्कार को अनवरत रखते हुए जिले की तीन ग्राम पंचायतों में जल अर्पण अभियान में हैंडओवर की विभाग के निर्देशों 15 दिन के रन ट्रायल के बिना जबरन थोपे जाने पर इस मुद्दे पर आगामी निर्णय लेने हेतु प्रदेश कार्यकारिणी को अवगत कराया गया।

## देशनोक-जेगला मार्ग पर कार बाइक की जोरदार भिड़ंत, बाइक सवार गंभीर घायल

बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)। बीकानेर के देशनोक जेगला मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। यहां कार और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब तीन फीट नीचे उतर गई। राहत की बात यह रही कि कार में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बाइक सवार को देशनोक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बीकानेर के पीबीएम ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। घायल की पहचान उमेदा राम (40) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह देशनोक क्षेत्र में एक खान पर मजदूरी का काम करता है और हादसे के समय काम के सिलसिले में जा रहा था। हादसे की सूचना मिलने तक देशनोक थाना पुलिस में इस संबंध में कोई औपचारिक मामला दर्ज नहीं कराया गया था। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

ADVT.

ADVT.